संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -141 शुक्रवार ,24 मार्च 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# जिंदाबाद नारों के बीच सूरत से दिल्ली लौटे राहुल

## राहुल गांधी से आवास पर मिलने पहुंचीं मां सोनिया

### आयी चेहरे पर मुस्कुराहट...

**नई दिल्ली,23 मार्च 2023(ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सूरत से दिल्ली लौट आए हैं। बता दें कि आज वह मोदी सरनेम पर टिप्पणी के मामले में सूरत की एक अदालत में पेश होने गुजरात गए थे। जहां अदालत ने उन्हें दो साल की सजा सुनाई, हालांकि उन्हें उसी समय जमानत भी मिल गई।

वहीं राहुल के दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के नारे भी लगाए। इस दौरान राहुल गांधी मुस्कुराते हुए सभी लोगों का अभिवादन किया।

राहुल के दिल्ली पहुंचते ही हाल-चाल जानने मां सोनिया गांधी उनके आवास पर पहुंच गई हैं। दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई। इस बीच कई कांग्रेस नेताओं की प्रतिक्रियाएं भी आनी शुरू हो गई । कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह सब एक साजिश के तहत किया गया है। यह राहुल गांधी की छवि धूमिल करने की कोशिश है।

### सरकार की कुटिल चाल हम जानते हैं कार्ति चिदंबरम

वहीं कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि यह एक ऐसी सरकार है जो मुखर राजनीतिक विरोधियों को चुप कराने के लिए पुराने, कच्चे, औपनिवेशिक उपकरणों का उपयोग करती है। यह एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को चुप कराने की कुटिल कोशिश का एक और उदाहरण है। इस फैसले के खिलाफ अपील की जाएगी, हम सरकार की प्लेबुक जानते हैं। हम इसके लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। पार्टी राहुल गांधी के साथ मजबूती से खड़ी है।





### केरल में प्रदर्शन

वहीं राहुल गांधी के खिलाफ सूरत कोर्ट के फैसले के खिलाफ यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राजभवन तक विरोध मार्च निकाला। सूरत जिला अदालत ने उन्हें उनके मोदी सरनेम टिप्पणी पर उनके खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी ठहराया। बाद में उन्हें जमानत मिल गई थी।

## मैं माफी नहीं मागूंगा,मुझे दया नहीं चाहिए...

### दोषी करार दिए जाने के बाद जज से बोले राहुल गांधी

सूरत डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने गुरुवार को पीएम मोदी से जुड़े मानहानि के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को दोषी ठहराया है। अदालत ने भारतीय दंड संहिता 499 और 500 के तहत तय आरोपों को सही मानते हुए 2 साल की सजा सुनाई है। वहीं मामले में राहुल गांधी ने जमानत याचिका दायर कर दी है। इस बीच गुजरात जिला एवं सत्र न्यायालय के एक वकील ने अदालत में राहुल गांधी के मामले को लेकर कार्रवाही की जानकारी दी है।



वकील बीएम मांग्युक्या ने इंटरव्यू में बताया कि आज ज्यादा आर्गूय्मेंट के लिए गुंजाइश नहीं थी। राहुल गांधी ने जैसे ही कोर्ट में प्रवेश किया तो अगले दो मिनट में ही कोर्ट ने कहा कि अदालत उन्हें आईपीसी की धारा 499 और 500 के तहत दोषी मानती है। आगे कोर्ट ने सजा क्या होनी चाहिए इस पर बात की। अधिवक्ता ने बताया कि अदालत में राहुल गांधी ने कहा, ÷मैं राजकीय नेता हूं। इस दृष्टि से देश में भ्रष्टाचार को खिलाफ उठाना हमारा कर्त्तव्य है और हमने यही किया÷। कांग्रेस नेता जब कठघरे में खड़े हुए तो राहुल गांधी की ओर से कहा गया कि हमें दया नहीं चाहिए। राहुल गांधी के कोर्ट से माफी मांगने को लेकर सवाल पर उन्होंने कहा कि कोर्ट में इस बात का सवाल ही उठता।

## आवाज को दबाने और डराने का प्रयास कर रही है मोदी सरकार



पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है. मरकाम ने कहा, सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं हो सकता. हम सत्य के साथ में हैं. राहुल गांधी के साथ खड़े हैं, करोड़ों भारतीयों की आवाज राहुल गांधी उठाते हैं. मोदी सरकार आवाज को दबाने और डराने का प्रयास कर रही है. 2019 लोकसभा चुनाव में नीरव मोदी ललित मोदी, मेहुल चौकसी, मोदी सरनेम वाले देश से भाग रहे हैं, इस देश की गाढ़ी कमाई का पैसा लेकर भाग रहे हैं. राहुल गांधी ने गलत क्या कहा है?

## क्या कोर्ट से सजा के बाद राहुल गांधी नहीं लड़ पाएंगे चुनाव



गुजरात के सूरत शहर की एक अदालत ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को उनकी कथित मोदी सरनेम टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि के मामले में दोषी ठहराया। उसे कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई है। अब अदालत की सजा के बाद सवाल उठने लगा है कि क्या राहुल गांधी के चुनाव लड़ने पर लोक लग जाएगी? क्या वह छह साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे? यानी कहा जाए तो उनकी सांसदी चली जाएगी?

जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 8(3) के तहत राहुल गांधी को मिली दो साल की सजा तकनीकी रूप से लोकसभा से अयोग्य ठहराती है। इतना ही नहीं सजा की अवधि पूरी करने के बाद छह वर्ष तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य भी होते हैं।

किस स्थिति में चली जाएगी राहुल की सदस्यता?

सूरत की निचली अदालत के फैसले की कॉपी को अगर प्रशासव लोकसभा सचिवालय को भेज देता है तो इसके बाद यदि लोकसभा अध्यक्ष उसे स्वीकार कर लेते हैं तो राहुल गांधी की सदस्यता चली जाएगी। अगर ऐसी स्थिति आई तो राहुल गांधी छह साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

क्या है रिप्रेजेंटेंशन ऑफ पीपल्स एक्ट जिसके तहत चुनाव लड़ने पर लगती है रोक

रिप्रेजेंटेंशन ऑफ पीपल्स एक्ट 1951 की धारा 8 (1) और 8 (2) के मुताबिक जहां सजायाफ्ता को चुनाव लड़ने से अयोग्य करार दिए जाने की बात की गई है वहीं 8 (3) में इसे दो साल या इससे ज्यादा सजा होने पर व्यक्ति विशेष को चुनाव लड़ने से अयोग्य करार दिए जाने की बात कही गई है।

राहुल के पास अब हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का विकल्प राहुल गांधी के पास अभी दो विकल्प बचे हुए हैं जिससे वह इन सब परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। राहुल गांधी पहले हाईकोर्ट में अपील करेंगे अगर यहां से राहत नहीं मिलती है तो फिर वह सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। यदि यहां से भी राहत नहीं मिलती है तब फिर उनके पास कोई रास्ता नहीं बचेगा। उनकी लोकसभा सदस्या जा सकती है और छह साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लग सकती है।

## राजधानी में युवा कांग्रेस ने राहुल गांधी को सूरत हाईकोर्ट के सजा देने पर संकेतिक प्रदर्शन किया

राजधानी रायपुर में युवा कांग्रेस द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत हाई कोर्ट द्वारा 2 साल की सजा दिए जाने पर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा आज ऐतिहासिक गांधी मैदान में गांधी जी की प्रतिमा के नीचे संकेतिक प्रदर्शन किया गया इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने गांधी टोपी पहन कर बैनर पोस्टर हाथ में लिए अहिंसात्मक रूप से प्रदर्शन किया और केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया।



प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि, आज सूरत हाईकोर्ट में हमारे नेता राहुल गांधी को दोषी करार दिया गया मैं इसमें कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी जी को झूठे गवाह और दलीलों के तहत दोषी करार दिया गया और आज मैं अपने नेता राहुल गांधी से प्रभावित हुआ हूं वे जेल जाना स्वीकार किए पर माफी नहीं मांगी और उन्होंने आज फिर साबित कर दिया की वह गोडसे से नहीं गांधी है उन्होंने जो बात 2019 में कही थी वह किसी वर्ग विशेष के लिए नहीं बल्कि एक व्यक्ति विशेष के लिए कही थी और आज उनको सजा हुई है पर युवा कांग्रेस लगातार राहुल गांधी कही हुई बातें जो महंगाई, बेरोजगारी और नफरत के खिलाफ केंद्र की मोदी सरकार से लड़ती रहेगी।

## अतीक के शूटरों को दूंढ़ने में कर सकता हूं मदद

### » यूपी पुलिस को करना होगा एक दिन का अनुष्ठान

**नोएडा,23 मार्च 2023(ए)।** नोएडा के डॉक्टर के साथ मारपीट के बाद चर्चाओं में आए कानपुर के करौली बाबा उर्फ करौली सरकार संतोष सिंह भदौरिया इन दिनों अपने अजीबोगरीब बयानों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। करौली बाबा आए दिन कोई ना कोई नया दावा कर रहे है, जिसकी वजह से नया विवाद खड़ा हो रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रूकवाने के दावे के बाद करौली सरकार ने एक और नया दावा किया है। इस बार उन्होंने दावा किया कि मैं अतीक अहमद के शूटरों को ढूंढ़ने में पुलिस की मदद कर सकता हूं।



करौली सरकार उर्फ करौली बाबा के नाम से मशहूर संतोष सिंह भदौरिया ने कहा कि इसके लिए यूपी पुलिस को मेरे आश्रम में आकर एक दिन अनुष्ठान करना होगा। जी हां...यह बात सुनने में थोड़ी अजीब जरूर लगेगी, लेकिन उन्होंने ऐसा दावा किया है। नोएडा के डॉक्टर से मारपीट के मामले को लेकर करौली सरकार संतोष सिंह ने दावा किया कि पुलिस यहां आई थी, लेकिन भेंट नहीं हो पाई। मैं अपना स्टेटमेंट देने के लिए तैयार हूं। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर को पागल बताया।

करौली बाबा ने किए ये अजीबोगरीब दावे

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, करौली बाबा ने कहा कि ओम शिव बैलेंस बोलने को लेकर किसी को क्या दिक्कत हो सकती है, यह मेरा शब्द है। बैलेंस से चीजें बैलेंस हो जाती हैं। इतना ही नहीं, करौली बाबा ने दावा किया कि मैं चाहू तो भारत-पाकिस्तान के रिश्ते भी सुलझा सकता हूं। बाबा ने कहा कि मेरे पास आश्रम में आए और अनुष्ठान करें तो मैं भारत-पाकिस्तान के रिश्ते भी सुलझा सकता हूं।

## दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी दूसरी पूरक चार्जशीट के लिए तैयार

**नई दिल्ली ,23 मार्च 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में कुछ और अहम सबूत जुटाए हैं। हाल ही में, संघीय एंटी मनी लॉन्ड्रिंग एजेंसी ने कई लोगों से पूछताछ की और इलेक्ट्रॉनिक और दस्तावेजी सबूत जब्त किए।





ईडी के सूत्रों ने कहा है कि वे दूसरी पूरक चार्जशीट दायर करने के लिए तैयार हैं, जिसमें बीआरएस एमएलसी के. कविता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपी बनाया जा सकता है। ईडी ने चार्जशीट में उल्लेख किया था कि सभी आरोपी कई सेल फोन का उपयोग कर रहे थे, जिन्हें बाद में उन्होंने सबूतों को हटाने के लिए पूरे डेटा को नष्ट कर दिया।

अपनी पूछताछ के दौरान, कविता, जो तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी भी हैं, ने लगभग नौ सेल फोन ईडी को सौंपे, जिन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए एफएसएल भेजा गया था।

सूत्रों ने बताया कि उनका सिसोदिया से भी आमना-सामना कराया गया।

## बहुविवाह,निकाह हलाला पर सुनवाई के लिए बनेगी नयी पीठ

**भारतीय दंड संहिता की धारा-494 बहुविवाह,हलाला आदि की अनुमति देती है और इसे खत्म किए जाने की जरूरत है**

**नई दिल्ली,23 मार्च 2023 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह मुसलमानों में बहुविवाह और 'निकाह हलाला की प्रथा की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 5 न्यायाधीशों की नयी संविधान पीठ का गठन 'सही समय पर करंगा।



चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ से वकील अश्विनी उपाध्याय ने मामले पर नई संविधान पीठ के गठन का अनुरोध किया है।उपाध्याय की ओर से दायर जनहित याचिका में कहा गया कि भारतीय दंड संहिता की धारा-494 बहुविवाह, हलाला आदि की अनुमति देती है और इसे खत्म किए जाने की जरूरत है। चीफ जस्टिस ने कहा, 'मैं इस पर गौर करूंगा। सही समय पर मैं संविधान पीठ का गठन करूंगा। पिछली 5 सदस्यीय संविधान पीठ ने गत 30 अगस्त 2022 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) को जनहित याचिकाओं में पक्षकार बनाया था और उनसे जवाब मांगा था। तत्कालीन संविधान पीठ की अध्यक्षता जस्टिस बनर्जी कर रही थीं। दो जजों के सेवानिवृत्त होने से बहुविवाह और निकाह हलाला की प्रथाओं के खिलाफ आठ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए संविधान पीठ के पुनर्गठन की आवश्यकता पड़ी। शीर्ष अदालत ने जुलाई 2018 में उपाध्याय की याचिका पर विचार किया था और इस मामले को संविधान पीठ के पास भेज दिया था, जो पहले से ही ऐसी ही याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी।

## चीन ने भारत और अमेरिका को दिया बड़ा झटका

### » अजय बंगा को वर्ल्ड बैंक चीफ बनाने में अटकाया रोड़ा

**नई दिल्ली ,23 मार्च 2023 (ए)।** जाने-माने भारतीय-अमेरिकी उद्यमी अजय बंगा को विश्व बैंक का अध्यक्ष बनाने के लिए समर्थन देने पर चीन ने संदेह जताया है। उसने कहा है कि उसके लिए योग्यता के आधार पर अन्य संभावित उम्मीदवारों को समर्थन देने का विकल्प खुला है।

उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 63 साल के बंगा को विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिए नामित किया है। अमेरिका से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, बंगा आज चीन आने वाले हैं। इस यात्रा के दौरान वह पीपल्स बैंक ऑफ चाइना के अधिकारियों से मिलेंगे और अपनी उम्मीदवारी के लिये चीन से समर्थन मांगेंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या चीन बंगा का समर्थन करेगा, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमने अमेरिका की तरफ से नामित उम्मीदवार पर गौर किया है लेकिन अन्य संभावित उम्मीदवारों के लिए भी हमारा विकल्प खुला है।







उन्होंने कहा कि विश्व बैंक दुनिया में सबसे प्रभावशाली बहुपक्षीय विकास संस्थान है और वैश्विक गरीबी में कमी और विकास के लिहाज से काफी महत्व रखता है। वेनबिन ने कहा कि विश्व बैंक के एक प्रमुख हिस्सेदार के रूप में चीन अध्यक्ष पद के लिये एक खुली, पारदर्शी और योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया को लेकर सभी पक्षों के साथ काम करने के लिये तैयार है।

उन्होंने मीडिया से यह भी कहा कि उन्हें इस बारे में सक्षम प्राधिकरण से पूछना चाहिए। बाइडेन ने पिछले महीने घोषणा की थी कि अमेरिका बंगा को विश्व बैंक का नेतृत्व करने के लिए नामित कर रहा है।अगर विश्व बैंक के निदेशक मंडल द्वारा बंगा की पुष्टि की जाती है, तो वह दो शीर्ष अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में से किसी एक का प्रमुख बनने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी और सिख-अमेरिकी होंगे।

फिलहाल, बंगा जनरल अटलांटिक में उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले, वह मास्टरकार्ड के अध्यक्ष और सीईओ थे और कंपनी को रणनीतिक, तकनीकी और सांस्कृतिक परिवर्तन के माध्यम से आगे बढ़ा रहे थे। उन्हें 2016 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

## नशे में धुत्त पैसेंजर्स ने क्रू-सहयात्रियों से की बदसलूकी

**नई दिल्ली,23 मार्च 2023 (ए)।** इंडिगो की दुबई से मुंबई आ रही एक फ्लाइट में नशे की हालत में दो यात्रियों ने केबिन क्रू और सहयात्रियों के साथ कथित तौर पर बदसलूकी की। इस मामले के सामने आने के बाद मुंबई में दोनों यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कहा कि इस मामले में विमानन कंपनी इंडिगो की तरफ से ही शिकायत की गई थी, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर दोनों यात्रियों को अरेस्ट किया गया। हालांकि, यहां उन्हें एक अदालत से मामले में जमानत मिल गई। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी कोल्हापुर और पालघर के



नालासोपारा के रहने वाले हैं। वे खाड़ी देश में एक साल काम करने के बाद लौट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपी देश लौटने की खुशी में शराब पी रहे थे। उनके नाम दत्तात्रेय बपरदेकर और जॉन जॉर्ज डिसूजा हैं। एक पुलिस अफसर ने कहा कि जब अन्य यात्रियों ने उनके हंगामा करने पर आपत्ति जताई, तो उन्होंने उन्हें तथा बीच-बचाव करने वाले चालक दल के सदस्यों से अपशब्द कहे। सहार थाने के अधिकारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (अन्य लोगों के जीवन व सुरक्षा को खतरे में डालना) और विमानन नियमों की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## गजवा-ए-हिंद के खिलाफ एक्शन





### 3 राज्यों में एनआईए की रेड

**मुंबई ,23 मार्च 2023 (ए)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी देश भर में गजवा-ए-हिंद से जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापा डाला है। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश में कुल 7 लोकेशन पर एनआईए की टीम ने कार्रवाई की है। गजवा-ए-हिंद आतंकी संगठन अल कायदा के साथ मिलकर काम करता है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने महाराष्ट्र में 3 जगहों पर, गुजरात में 3 जगहों पर और मध्य प्रदेश में 1 जगह पर छापा मारा है। फिलहाल राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ये कार्रवाई जारी है।

## संपादकीय

### विपक्ष की रणनीति या सचमुच का झगड़ा!

विपक्षी पार्टियां किसी रणनीति के तहत आपस में लड़ रही हैं या उनका झगड़ा सचमुच का है? यह लाख टके का सवाल है। अलग अलग पार्टियों के नेता अनौपचारिक बातचीत में इस सवाल का अलग अलग जवाब दे रहे हैं। विपक्षी एकता की रणनीति पर काम करने वाले एक जानकार नेता का कहना है कि चुनाव आते आते सारी पार्टियां एकजुट होंगी। उनका कहना है कि अभी एकता बनाने का कोई फायदा नहीं है, उलटे नुकसान हो सकता है। अगर अभी विपक्षी एकता बन जाती है और यह तय हो जाता है कि कांग्रेस के साथ मिल कर विपक्ष चुनाव लड़ेगा तो सभी पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं में भगदड़ मचेगी। जमीनी स्तर पर टकराव बढ़ेगा। इसलिए पार्टियां अभी अलग अलग राजनीति कर रही हैं।

विपक्षी पार्टियां यह भी सोच रही हैं कि अभी से एकता का मैसेज होगा तो भाजपा अलर्ट होगी और उसकी तैयारी भी उसी हिसाब से होगी। दूसरे, विपक्षी एकता बनती दिखेगी तो भाजपा और केंद्र सरकार किसी न किसी तरह से उस एकता को तोड़ने का प्रयास करेंगे। विपक्ष की कई पार्टियां इस चिंता में भी हैं कि कांग्रेस से ज्यादा नजदीकी दिखाएंगे तो केंद्रीय एजेंसियां पीछे पड़ेंगी। हालांकि यह विपक्ष की खुशफहमी है कि वे सब लोग आपस में लड़ रहे हैं तो भाजपा लापरवाह है। भाजपा में कोई लापरवाही नहीं है। वह दोनों स्थितियों के लिए तैयार है। विपक्ष अलग अलग लड़े या एक साथ मिल कर लड़े उसकी तैयारी चल रही है।

ध्यान रहे संसद के पिछले सत्र तक संसद में सभी पार्टियां एक रहती थीं। संसद के बाहर जरूर विपक्षी पार्टियों की राजनीति अलग अलग होती थी लेकिन संसद में मल्लिकार्जुन खड़गे की अपील पर डेढ़ दर्जन पार्टियां साथ आ जाती थीं। इनमें ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस भी शामिल होती थी और के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति के नेता भी रहते थे। समाजवादी पार्टी तो रहती ही थी। लेकिन इस बार संसद में तृणमूल, बीआरएस और सपा तीनों अपने तेवर दिखा रहे हैं। कहा जा रहा है कि रणनीति के तहत सभी विपक्षी पार्टियां अपनी अपनी राजनीति करने का मैसेज बनवा रही हैं।

## मुद्दा : झूठ के बाजार में सच की जीत

कहते हैं 'हकीकत को तलाश करना पड़ता है, अफवाहें तो घर बैठे आप तक पहुंच जाती हैं।'

सोशल मीडिया पर पिछले दिनों बिहार एवं तमिलनाडु राज्य के बीच नफरत फैलाने वाला एक वीडियो इस कदर वायरल हुआ कि न केवल राज्यों के बीच वैमनस्यता बढ़ गई, बल्कि तमिलनाडु में काम कर रहे बिहार के कई मजदूरों के घरों में कोहराम मच गया। अच्छी बात यह रही कि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने तत्परता और समझदारी के साथ मसले को संजीदगी के साथ संभाला। दोनों सूबों के मुख्यमंत्रियों की त्वरित कार्रवाई से हिंसा और विभेद की मंशा वालों को करारा जवाब मिला है।

गत 1 मार्च को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के जन्मदिन पर देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे नेताओं ने उन्हें बधाइयां दी थीं। अगले दिन तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों के साथ मारपीट का वीडियो जारी हुआ और बिहार में हंगामा मच गया। सदन से सड़क तक चिल्ल-पों मच गई। हालात की गंभीरता को दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने समय रहते भांप लिया। अफवाह कितनी क्रूर और कुरूप होती है, इसका इल्म नीतीश कुमार को भी था और एमके स्टालिन को भी। यही वजह थी कि दोनों मुख्यमंत्रियों ने अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की छूट अपने अधिकारियों को दी। उन्हें मालूम था कि अगर तुरंत ऐसा न किया गया तो साजिश रचने वाले सफल हो जाएंगे। नीतीश कुमार की अपील के बाद स्टालिन ने नीतीश कुमार को आश्वस्त किया कि 'प्रवासी मजदूरों पर कथित हमले की अफवाह फैलाने वाले लोग भारत की अखंडता के खिलाफ काम कर रहे हैं। बिहार के सभी कामगार हमारे कामगार हैं, जो तमिलनाडु के विकास में मदद करते हैं। सोशल मीडिया पर झूठी तस्वीरें शेयर कर तनाव फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।' वहां के डीजीपी सी. शैलेंद्र बाबू ने भी दावा किया कि तमिलनाडु में बिहारी मजदूरों के साथ कोई हिंसा नहीं हुई है।

दरअसल, अफवाह फैलाने का काम सिर्फ विश्व के बाकी मुल्कों में भी होता रहता है। 2000 में अमेरिका में अचानक ऐसे ई-मेल्स की बाढ़ आ गई जिनमें कहा जा रहा था कि खास तरह का केला खाने से आपकी चमड़ी फट जाएगी और आप मर जाएंगे। लोगों ने एक दूसरे को यह मेल भेजकर, अपने दोस्तों-रिश्तेदारों को आगाह करने को कहा। यह एकदम बकवास बात थी, जिसे सिरे से खारिज कर दिया जाना चाहिए था, मगर लोगों ने इस पर तुरंत यकीन कर लिया। इस मामले पर ई-मेल्स की ऐसी बाढ़ आ गई कि अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग ने बाकायदा सफाई जारी की कि ऐसा कुछ नहीं है। मगर लोगों ने यकीन नहीं किया। इमरजेंसी नंबरों पर कॉल आने लगी कि उन्होंने ऐसा केला खा लिया है, और अब उन्हें मदद की दरकार है। अफवाह ने इस कदर डर का माहौल बना दिया कि अमेरिकी फूड एंड ड्रग विभाग को बनाना हेल्पलाइन शुरू करनी पड़ी। हालात बमुश्किल काबू में आए। कुछ ऐसा ही झूठ का माहौल भारत में भी बनाया गया। कभी गणेश जी की मूर्ति के दूध पीने की तो कभी नमक खत्म होने की तो कभी किसी बीमारी के फैलने की।

मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि दिमाग के इस्तेमाल में हम अक्सर कंजूसी बरतते हैं। सोच-विचारकर किसी भी बात पर भरोसा करने की बजाय हम बहुत जल्द अटकलों पर यकीन कर लेते हैं। इसमें दिमाग पर जोर नहीं डालना पड़ता। इसके अलावा, हम कई बार गड़बड़ी सामने होते हुए भी उसको नोटिस नहीं कर पाते। तमिलनाडु में जिस तरीके से बारह बिहारी मजदूरों की हत्या और बिहारी मजदूरों के साथ बर्बरतापूर्व पिटाई के दृश्य प्रसारित किए गए वे इसी मानसिकता के साथ फैलाए गए कि लोग आसानी से इस पर यकीन कर लेंगे।

# टेक्सटाइल मेगा पार्कः मेक इन इंडिया के तहत पूरी दुनिया के लिए भारतीय उत्पाद निर्माण की ओर एक बड़ा कदम

प्राचीन काल से चली आ रही भारतीय वस्त्रों की समृद्ध परंपरा, एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है, जो देश को एक वैश्विक निवेश, विनिर्माण और निर्यात केंद्र बना देगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में सात पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क के निर्माण की घोषणा की है। ये मेगा टेक्सटाइल पार्क 4,445 करोड़ रुपये के परिव्यय से निर्मित किए जाएंगे। इस क्षेत्र की अवसंरचना के लिए, यह अब तक की सबसे बड़ी पहल होगी।

प्रधानमंत्री के 5एफ विजन (खेत से फाइबर से फैक्टरी से फैशन से विदेश तक) से प्रेरित होकर, पीएम मित्र पार्क योजना; आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल पहल को हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मेगा पार्क इस क्षेत्र को 2030 तक 250 बिलियन डॉलर के कारोबार और 100 बिलियन डॉलर के निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेंगे।

मेगा टेक्सटाइल पार्क वस्त्र क्षेत्र में व्यापक बदलाव करेंगे और प्रत्येक स्थल पर विश्व स्तरीय सुविधाओं, अत्याधुनिक अवसंरचना और एकीकृत मूल्य श्रृंखला की मदद से वैश्विक चैंपियन तैयार करेंगे। निर्माण और विकास करने वाली एक प्रमुख कंपनी का चयन किया जाएगा, जो पीएम मित्र पार्क की डिजाइन, योजना, निर्माण, वित्तपोषण, संचालन और रख-रखाव के लिए जिम्मेदार होगी। यह उद्योग के लिए एक बड़ी छलांग है, क्योंकि मूल्य श्रृंखला वर्तमान में पूरे देश में बिखरी हुई है, जो श्रृंखला के प्रत्येक संपर्क-बिंदु पर लागत और विलंब में वृद्धि करती है।

भारतीय उद्योग विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन जायेंगे, क्योंकि पार्क उत्पादन बढ़ाने, लागत में कटौती करने, दक्षता में सुधार करने और उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्रों व परिधानों की आपूर्ति में मदद करेंगे।

ये मेगा पार्क रोजगार के लगभग 20 लाख प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष अवसरों का सृजन करेंगे और अनुमानित 70,000 करोड़ रुपये के घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित करेंगे। ये मेगा पार्क शून्य द्रव रिसाव, साझा अपशिष्ट शोधन संयंत्र, उत्सर्जन मुक्त नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और वैश्विक सर्वोत्तम तौर-तरीकों को अपनाने के साथ, सतत विकास के शानदार उदाहरण होंगे। ये मेगा पार्क ऐसे उत्पादों के निर्माण करने के प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप हैं जिनमें कोई खामी न हो और पर्यावरण पर जिनका कोई दुष्प्रभाव न हो।

यह रेखांकित करना प्रासंगिक है कि सदियों से, भारतीय वस्त्रों ने वैश्विक पहचान बनाई है, लेकिन दुर्भाग्य से, पिछली सरकारों द्वारा इस क्षेत्र को काफी अनदेखा किया गया। यह प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता थी, जिसके तहत वस्त्र क्षेत्र के लिए पीएम मित्र योजना शुरू की गयी है। भारतीय अर्थव्यवस्था के मुख्य आधारों में से एक- वस्त्र क्षेत्र, भारतीय निर्यात का एक अहम हिस्सा है और इस क्षेत्र में साधारण किसानों से लेकर शहर के संपन्न निवासियों व व्यापार जगत के अग्रणी लोग तक शामिल हैं। वस्त्र क्षेत्र लाखों लोगों के लिए आजीविका का स्रोत है।

पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 13 राज्यों से 18 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। एक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सात मेगा पार्कों का चयन किया गया, जिन्हें पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय अवसंरचना मास्टरप्लान द्वारा मान्यता दी गयी थी। यह सहयोगी संघवाद का एक और उदाहरण है, क्योंकि केंद्र और संबंधित राज्य, दोनों ही विशेष प्रयोजन कंपनी (एसपीवी) के भागीदार होंगे, जो इन मेगा पार्कों की स्थापना और प्रबंधन करेगी।

इन पार्कों की स्थापना हेतु राज्य सरकारें कम से कम 1,000 एकड़ भूमि उपलब्ध करायेंगी। राज्य सरकारें उत्पादन प्रक्रिया के सुचारु संचालन एवं व्यापार करने में आसानी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अनुकूल व स्थिर नीतिगत व्यवस्था के साथ-साथ बिजली एवं पानी की आपूर्ति तथा कचरे के निपटारे की एक भरोसेमंद व्यवस्था तथा एकल खिड़की मंजूरी की एक कारगर सुविधा भी प्रदान करेंगी।

इन मेगा पार्कों में उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे एवं प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं के साथ-साथ वस्त्र उद्योग के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संबंधी सहायता भी उपलब्ध होंगी। ये पार्क एक ऐसा अनूठा मॉडल पेश करेंगे जहां केन्द्र और राज्य सरकारें निवेश बढ़ाने, नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोजगार सृजित करने और वस्त्र के क्षेत्र में भारत को दुनिया में अग्रणी बनाने हेतु मिलकर काम करेंगी।

वस्त्र उद्योग ने सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल के प्रति उत्साहवर्द्धक प्रतिक्रिया दी है। सरकार द्वारा यह पहल सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद शुरू की गई है। सीआईआई और फिक्की जैसे शीर्ष उद्योग संगठनों के साथ-साथ वस्त्र क्षेत्र से जुड़े प्रमुख उद्योग संघों ने पीएम मित्र मेगा पार्कों की स्थापना की घोषणा की सराहना की है।

उद्योग संगठनों ने यह उम्मीद व्यक्त की है कि अपेक्षाकृत कम लॉजिस्टिक्स लागत, आधुनिक बुनियादी ढांचा, वैश्विक स्तर पर व्यापार की संभावनाएं और केन्द्र एवं राज्य सरकारों की सहायक नीतियां भारतीय वस्त्र उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगी और भारतीय व विदेशी उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करायेंगी।

वस्त्र मंत्रालय इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा। मंत्रालय प्रत्येक पार्क के एसपीवी को विकास हेतु पूंजीगत सहायता के रूप में ग्रीनफील्ड पार्कों के लिए 500 करोड़ रुपये और ब्राउनफील्ड पार्कों के लिए 200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इसके अलावा, वह कार्यान्वयन को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रत्येक पार्क में स्थित इकाइयों को 300 करोड़ रुपये तक की राशि प्रदान करेगा। यह कदम अतिरिक्त प्रोत्साहन देने हेतु अन्य सरकारी योजनाओं के साथ समन्वय की सुविधा भी प्रदान करेगा।

पीएम मित्र के प्रावधान वैसे मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल के साथ सामंजस्य बिठाते हैं, जो विकसित बाजारों में हमारे भारतीय वस्त्रों, परिधानों तथा कई अन्य क्षेत्रों के लिए व्यापार की संभावनाओं को बेहतर बनाते हैं। भारत पहले ही संयुक्त अरब अमीरात एवं ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है और कनाडा, ब्रिटेन एवं यूरोपीय संघ के साथ इस संबंध में बातचीत कर रहा है। इन प्रयासों से भारतीय वस्त्रों को लाभकारी विकसित बाजारों में अपनी पैठ मजबूत करने में मदद मिलेगी और वस्त्र एवं परिधान के वैश्विक व्यापार में देश की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

भारत की गिनती पहले ही दुनिया के सबसे बड़े वस्त्र एवं परिधान निर्यातक देशों में से एक के रूप में होती है। लेकिन अब जबकि देश 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक एवं दूरदर्शी नेतृत्व में एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, अमृत काल में हमारी आकांक्षा दुनिया का सबसे बड़ा वस्त्र निर्यातक देश बनने की है। पीएम मित्र के जरिए हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

**पीयूष गोयल**

# राजस्थान का प्रसिद्ध लोकोत्सव है गणगौर

राजस्थान का नाम सुनते ही मन ख़ुशी से झूम उठता है। राजस्थान के पर्व त्यौहार अपने आप में अलग ही महत्व रखतें हैं। राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने आप में एक विरासत को संजोए हुए हैं। गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौंहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है।

राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो अनुचित नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। राजस्थानी शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सदा सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी पौराणिक एवं वैदिक देवी देवताओं के मन्दिर हैं। उनके उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। काल प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।

गणगौर शब्द भगवान शिव और पार्वती के नाम से बना है। गण यानि भगवान शिव और गौर यानि पार्वती। इसलिए शिव-पार्वती की पूजा के रूप में इस त्यौहार को मनाया जाता है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।

कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के



तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है।

होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैं:-

गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।

गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं:-

म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,
बीरमदासजी रो ईसर ओराज,
घाटी री मुकुट करो,
म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो
जी राज घाटीरी मुकुट करो।

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं:-

म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर,
दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो
झूमकड़ो,
ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का
बीर, ल्यायो हजारी ढोला
झुमकड़ो।

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का ''बिन्दौरा'' निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैं:-

ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच
संवार ओ राज म्हे ईसर थारी
सालीछां।

गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैं:-

गोरल ये तू आवड़ देख बावड़ देख
तन बाई रोवा याद कर।

गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है-''तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर''। अर्थात् जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं। जिस गोरी का साजन इस त्यौहार पर भी घर नहीं आता वो सजनी नाराजगी से अपनी सास को उलाहना देती है। ''सासू भलरक जायो ये निकल गई गणगौर, मोल्यो मोड़ों आयो रे''।

हमें आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनाये। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखे। इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वो को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देखने के हिमायती हैं।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

# शिक्षाप्रद सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत हैं महिलाएँ

**हमें सर्वप्रथम अपने आप में विश्वास होना चाहिए...हमें विश्वास होना चाहिए कि जो ची हमें उपहार में दी गई है, उसे प्राप्त करने का पूर्ण अधिकार होना चाहिए :मैडम क्यूरी**

शिक्षा एक आवश्यक मानवीय गुण है और एक अच्छे समाज को आकार देने वाली और सामाजिक संरचना में अंतिम व्यक्ति के लिए स्वतंत्रता सुनिश्चित करने वाली सबसे गहन शक्तियों में से एक है। शिक्षा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वामी विवेकानंद ने टिप्पणी की÷ शिक्षा मनुष्य में पहले से मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है। शिक्षा न केवल हमें सफल होने का मंच देती है बल्कि सामाजिक आचरण, साहस, चरित्र और मानवता के उत्थान की क्षमता का ज्ञान भी देती है। पूरे इतिहास में, मानवता को प्रकृति के उतार-चढ़ाव से लड़ना पड़ा और मानवता को पीड़ित असंख्य चुनौतियों के संदर्भ में जीवित रहने और जीवन को व्यवस्थित करने के लिए नवाचार करना पड़ा। अनुसंधान और विकास का उपयोग जीवन और पर्यावरण के लिए खतरों को रोकने, समाप्त करने या कम करने और सामाजिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तकनीकी विकल्प बनाने के लिए किया गया है। प्राचीन युग में लोग खानाबदोश शिकारी और संग्राहक के रूप में शुरू हुए, भोजन के रूप में पर्यावरण में पाए जाने वाले जानवरों और पौधों का उपयोग करते थे, फिर उन्होंने पारंपरिक तकनीक, रचनात्मकता की अभिव्यक्ति को संसाधित करके अपनी खाद्य आपूर्ति का विस्तार करना सीखा। लेकिन अब, कृषि उत्पादकता, परिवहन, अंतरिक्ष अन्वेषण से कृत्रिम बुद्धिमत्ता में सुधार ने मानव जाति के इतिहास में अब तक अभूतपूर्व तरीके से मानव जाति की नियति को बदल दिया है और अनुसंधान और विकास गतिविधियों के पीछे मूलभूत नैतिक मुद्दों को उठाया है। योग्यतम अवधारणा की उत्तरजीविता ने मनुष्य को तर्क करने की क्षमता और वैज्ञानिक स्वभाव के कारण जीवित रखा, जो मानव जाति के विकास का आधार है। आवश्यक प्रश्न जो हमेशा उठता था वह यह था कि क्या मानव जाति विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग मानव प्रगति के लिए एक उपकरण के रूप में कर रही है या अपने स्वयं के स्वार्थी जुनून की मरहम बन रही है। मानवता की पूर्णता की ओर इस अग्रसर मार्च में समाज के हर वर्ग विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी हमेशा विभिन्न हितधारकों के सशक्तिकरण के लिए एक प्रमुख विषय रही है।

इस प्रकार अनुसंधान और विकास का विचार मनुष्य के जीवन को हर संभव आयाम में प्रभावित करता है, मनुष्य को एक किसान चरवाहा आदमी से निर्जीव ऊर्जा द्वारा समर्थित मशीनों के जोड़ तोड़ में बदल देता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के असंख्य आयाम हैं जैसे राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, शिक्षा आदि। महिलाओं के जीवन के हर पहलू में, अनुसंधान और विकास भीतर की शक्ति को उजागर करने में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, अनुसंधान और विकास में महिलाओं की भागीदारी से जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच का एक दृष्टिकोण विकसित होता है जो महिलाओं और मानव जाति को उन्नत बनाता है।

21वीं सदी में महिलाओं का सशक्तिकरण मानव अधिकारों के महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है। यदि विकास समान नहीं है तो विकास टिकाऊ नहीं है। और यदि लैंगिक अंतरों का समाधान नहीं किया जाता है तो समानता प्राप्त नहीं की जा सकती है। प्रत्येक महिला के मानवाधिकारों और क्षमता को बनाए रखना राष्ट्रों का कर्तव्य है।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और संस्कृति और सूचना तक पहुँच के साथ महिलाओं का सशक्तिकरण स्कूल की बेंचों पर शुरू होता है। लैंगिक समानता में साक्षरता और विज्ञान तक पहुँच शामिल है। लड़कियों के लिए अपनी खुद की सूचित पसंद करने की वास्तविक संभावनाएँ इसका अभिन्न अंग हैं। लैंगिक समानता भी मानव अधिकारों, स्वास्थ्य और सतत विकास के लिए एक पूर्व-आवश्यकता है। भारत में, 1986 में नई शैक्षिक नीति के अनुवर्ती के रूप में दसवीं कक्षा तक के सभी छात्रों के लिए विज्ञान को अनिवार्य बनाने का निर्णय लिया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी लड़कियाँ विज्ञान पढ़ सकेंगी। इस प्रकार, शिक्षा और लिंग पर नारीवादी विमर्श में महिलाओं की अनुशासनात्मक पसंद महत्वपूर्ण रही है। उच्च शिक्षा को सकारात्मक भेदभाव के लिए संवैधानिक प्रावधानों के संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई।

उच्च शिक्षा और अनुसंधान और विकास में संभावनाओं के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के पहलू में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य और आयुष चिकित्सा प्रणाली से संबंधित विभिन्न आयाम हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उन कुछ लोगों में से एक के रूप में जाना जाता है जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया-उन्हें महिला मुक्ति के एक दुर्लभ प्रवर्तक के रूप में चिह्नित किया। महात्मा गांधी के शब्दों में, ÷महान समस्या (समाज में महिलाओं की भूमिका) में मेरा योगदान जीवन के हर क्षेत्र में सत्य और अहिंसा की स्वीकृति के लिए मेरी प्रस्तुति में निहित है, चाहे वह व्यक्तियों के लिए हो या राष्ट्रों के लिए। मैंने इस आशा को गले लगाया है कि इसमें यह, महिला निर्विवाद नेता होगी और इस प्रकार मानव विकास में अपना स्थान पाकर, अपनी हीन भावना को त्याग देगी।÷

ऐसी असंख्य समस्याएं हैं जिनका सामना महिलाएं समकालीन पर्यावरण व्यवस्था में करती हैं। यह महत्वपूर्ण है कि वे उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और वैज्ञानिक अनुसंधान तक पहुंच और अनुसंधान और नौकरी के अवसरों के लिए एक गैर-भेदभावपूर्ण वातावरण का सामना करें। उन महिला वैज्ञानिकों को मुख्यधारा में वापस लाने के प्राथमिक उद्देश्य को वापस लाने की आवश्यकता महसूस की गई, जिनका पारिवारिक दायित्वों और अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक जिम्मेदारियों के कारण करियर में ब्रेक था। इसके अलावा, उच्च शिक्षा प्रणाली को उन नीतियों और प्रक्रियाओं के माध्यम से संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है जो महिलाओं की समानता और विविधता को पहचानती हैं और उनकी उपलब्धि को सुगम बनाती हैं। उच्च शिक्षा में समानता की चिंता भी उच्च शिक्षा, अनुसंधान और विकास के मूलभूत सिद्धांतों में से एक के रूप में स्थापित की गई है। इस प्रकार, मानवाधिकारों को शिक्षा के केंद्र में रखने और मानव अधिकारों, मानव कर्तव्यों और मानव मूल्यों के बारे में जागरूकता के कार्यक्रमों के माध्यम से संतुलित मानव विकास का प्रश्न महत्व प्राप्त करता है। अनुसंधान और विकास में महिलाओं के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का संज्ञान लेते हुए, यह माना जा सकता है कि यह महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य को आगे बढ़ाने और महात्मा गांधी के आदर्शों की कल्पना करने के लिए नीति निर्माण और नीति कार्यान्वयन के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, जैसा कि उन्होंने कहा÷ उनका मानना है कि सशक्तिकरण का लक्ष्य तीन गुना पुनर्मूल्यांकन पर निर्भर करता है÷ पहला, उनके जीवन में बदलाव के लिए÷ दूसरा उनके जीवन में बदलाव लाने की प्रक्रिया को सक्रिय करने के लिए÷ और तीसरा, सामाजिक संरचना को बदलने के लिए।



**सलिल सरोज**
नयी दिल्ली

## इंतजार मत करना

दुनिया के भ्रम में उल्टी चाल नहीं चलना
अपने बनाये मार्ग पर धृढ़ता से ही
चलना
राह में होगा सामना कांटे से ये निश्चित है
इनसे घबरा का कभी रास्ते नहीं बदलना
नये सफर में नवीनतम मुकाम मिलेगा
अब हर गुलशन में नूतन फूल खिलेगा
बागो में भंवरे का गुंजन भी एक राग है
उस गुंजन से खिलखिलाती हर बाग है
इरादे हो प्रबल,मरुथल में जल निकलेगा
हर समस्या का तय है की हल निकलेगा
लक्ष्य पर निरन्तर
निगाहें टिकाकर रखना
परिश्रम से सफलता
का रास्ता निकलेगा
कभी हम टूट भी जाये
तो गम नहीं करना
कभी हम रूठ भी जाये
तो गम नहीं करना
ये जीवन तो मिलता है
जहाँ मे एक ही बार
हम चले गये जहाँ से
तो इंतज़ार मत करना
जीवन सफर है,
सफर ही करना पड़ेगा
जब तक सांस है
तन में जीना ही पड़ेगा
हम मर भी गये तो
कभी गम नहीं करना
ये जीवन है,जिंदा है
तो मरना भी पड़ेगा



प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी छत्तीसगढ़.

## स्वर ज्ञान

चुन्नू-मुन्नू ,दौड़े आओ।
वर्णमाला के स्वरों को सुनाओ।
अ से अनार दिखते कैसे?
लाल-लाल मीठे-मीठे ।
आ से आम बड़े रसीले।
हरे-पीले खट्टे -मीठे।
इ से इमली बड़ी खट्टी।
चटनी बनती अच्छी।
ई से ईख बड़े जोरदार।
चीनी- मिट्ठा लगे मजेदार।
उ से उल्लू होता है।
रात को ना सोता है।
ऊ से ऊन अब जानो।
ठंडी में पहन कर नाचो।
ऋसे ऋर्षि बन जाओ।
करके तपस्या दिखाओ।
ए से एड़ी पैरे के नीचे।
चलो करके आगे पीछे।
ऐ से ऐनक पहन कर देखो।
दादा-दादी तुम बन जाओ।
ओ से ओखली घर लाओ ।
मिर्च-मसाला
पीसकर दिखाओ।
औ से औरत बड़ी सयानी।
बच्चों को लगती बड़ी प्यारी।
अं से अंगूर गुच्छेदार।
मिलबांट के खाओ यार।
अः देखो है खाली।
बजाओ मिलकर ताली।



**ज्योति सिंह,**
देवरिया, उत्तर प्रदेश

## भारत राष्ट्र प्रेम संस्कृति का ख़ज़ाना है

घर घर में जाकर
भारतीय राष्ट्र प्रेम संस्कृति
दिल से अपनाने का मंत्र दिलाना है
यह कभी भी कम ना हो पाए
संकल्प लेना है
भारत राष्ट्र प्रेम
संस्कृति का ख़ज़ाना है
आओ साथ मिलकर राष्ट्र प्रेम
का जनजागरण कराएं
हमारी परम्पाओं सभ्यताओं
कलाकृतियों में आस्था दर्शाए
बच्चों युवाओं में भारतीय राष्ट्र प्रेम
संस्कृति के प्रति प्रोत्साहन करवाएं
हमेशा याद दिलवाएं हम अपनी
विरासत की जड़ों को भूल न जाएं
डटकर लड़ना होगा हमें
पाश्चात्य संस्कृति से
ऐसा संकल्प करवाएं
हम अपनी जड़ों को
भूल ना जाएं
पारंपरिक कला
शैलियों को कायम रखने
हम ऐसा मिलकर रास्ता अपनाएं
बेहतर जिंदगी की तलाश में
हम अपनी जड़ों को भूल ना जाएं
हम देख रहे हैं
कैसे शहरीकरण स्वदेशी
लोककला शैलियों को
नुकसान पहुंचा रहे हैं
बड़े बुजुर्गों की बातों को छोड़
पाश्चात्य संस्कृति अपना रहे हैं



किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया महाराष्ट्र

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# 40 मवेशी को झारखंड के बुचडख़ाना ले जाते तीन आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

40 नग मवेशी को दरिमा थाना क्षेत्र के कुम्हरता जंगल के रास्ते झारखंड के बुचडख़ाना ले जाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना क्षेत्र के कुम्हरता जंगल के रास्ते 40 मवेशी को पैदल झारखंड बुचडख़ाना ले जाया जा रहा था। नावानगर निवासी डब्लू प्रसाद यादव ने मामले की शिकायत दरिमा थाने में की। शिकायत पर पुलिस ने मौके पर रवाना होकर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर ये




अपना नाम पुरन सिंह सिदार निवासी सीतापुर, सुखलाल राम मझवार निवासी दरिमा एवं छन्दन सार्थी निवासी दरिमा का होना बताया। मवेशियों के संबंध मं पूछताछ करने पर बेचने हेतु पैदल झारखण्ड बुचडख़ाना ले जाना की बात स्वीकार की। राज्य में लागू कृषक पशु परिरक्षण अधियम का उल्लंघन होना पाए जाने एवं मवेशियों के साथ क्रूरता किए जाने पर धारा छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम कि धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(घ) के तहत अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी दरिमा निरीक्षक जॉन प्रदीप लकड़ा, प्रधान आरक्षक अजय पाण्डेय, मुन्ना, आरक्षक सोहन, शिवमंगल एवं पुलिस स्टाप शामिल रहे।

# भ्रमण पर अंबिकापुर आए पांच राज्यों की टीम ने दूसरे दिन सेनेटरी पार्क का किया अध्ययन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देश पर अंबिकापुर अध्ययन भ्रमण पर देश के 5 राज्य मिजोरम, मणिपुर, आसाम, नागालैंड एवम उत्तराखण्ड से 50 सदस्यीय दल पहुंचा है। भ्रमण के दूसरे दिन गुरुवार को दल द्वारा सेनेटरी पार्क में ट्रसरी सिग्रेगेशन, प्लास्टिक वेस्ट प्लांट, एफएसटीपी का अध्ययन किया। तत्पश्चात टीम द्वारा सी-मार्ट का भ्रमण कर छत्तीसगढ़ के स्व सहायता समूह द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों की खरीदी की गई। सी-मार्ट में समूह के तैयार उत्पाद को देखकर अन्य राज्य के समूह के सदस्यों ने



उत्पाद विक्रय की इस व्यवस्था की तारीफ की गई। भ्रमण के पश्चात स्वच्छता दीक्षा सेंटर में आयुक्त द्वारा सभी प्रतिभागियों से उनके अंबिकापुर भ्रमण पर फीडबैक लिया गया। जिसमें राज्यों से आए प्रतिभागियों ने अंबिकापुर मॉडल को उत्कृष्ट मॉडल मानते हुए अपने क्षेत्र में इसी तर्ज पर कार्य करने की इच्छा जाहिर की एवं क्रियान्वयन हेतु भविष्य में सहयोग हेतु अनुरोध किया गया। आयुक्त द्वारा भ्रमण के समापन पर सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। तत्पश्चात सभी राज्यों के को ऑर्डिनेटर द्वारा आयुक्त को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अंग्रेजी शराब दुकान हटाने सड़क पर उतरीं महिलाएं

**वार्ड क्रमांक दो में अंग्रेजी शराब दुकान का हो रहा विरोध**



- संवाददाता -
सूरजपुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

अंग्रेजी शराब दुकान अन्यंत्र किये जाने की मांग को लेकर नगर के वार्ड क्रमांक दो की महिलाओं ने गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया।महगांवा की महिलाएं पिछले दो महीने से इसका विरोध कर रहीं है,पर उनकी सुन कोई नही रहा है जिससे वे खासा रोष में है।गुरुवार को वार्ड पार्षद जियाजूल हक की अगुवाई में वार्ड की महिलाएं अंगेजी शराब दुकान बंद करा कर दुकान के सामने धरने पर बैठ गई और जमकर नारेबाजी करने लगी। घण्टो यह हंगामा चलता रहा बाद में मौके पर पहुँची तहसीलदार वर्षा बंसल ,आबकारी अधिकारी मार्कण्डेय सिंह व पुलिस अमले ने महिलाओं को समझाया कि एक महीने के अंदर दुकान हटा लिया जाएगा तब महिलाएं शांत हुई और उन्होंने अपना विरोध प्रदर्शन खत्म किया।इसके पहले महिलाओं ने बताया कि शराब दुकान रिहायशी बस्ती के करीब होने के कारण किस तरह की दिक्कतों का सामना खास कर महिलाओं को उठाना पड़ रहा है।आये दिन शराबियों के हल्ला गुल्ला व उत्पात से वे परेशान है।एक महीने के अंदर दुकान यहां से नही हटी तो वे फिर प्रदर्शन को बाध्य होंगी।

# डॉक्टर प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला,रेड बुल की टीम ने जीता मैच

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ में पहली बार अंबिकापुर के गांधी स्टेडियम में आयोजित डॉक्टर प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विपरीत मौसम के बावजूद बुधवार की शाम को फाइनल मुकाबला रेड बुल व डॉक्टर-20 के बीच खेला गया। बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मैदान में पहुंचे। रोमांचक मुकाबले में रेड बुल की टीम ने डॉक्टर-20 की टीम को पराजित कर दिया। मैच का रोमांच किसी अंतरराष्ट्रीय मैच की तरह था। हर गेंद पर चौके, छक्के लग रहे थे जिससे रोमांचित दर्शक मैदान में भी प्रवेश कर जा रहे थे। रेड बुल ने निर्धारित 15 ओवर में 187 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था जिसका मुकाबला करने उतरी डॉक्टर-20 की टीम के विकेट जल्दी-जल्दी गिर गए किंतु मध्यम क्रम के बल्लेबाज डॉ. वैभव जायसवाल व डॉ. निखिल दुबे ने जबरदस्त बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए शतकीय पारी खेली। इसके बावजूद भी डॉक्टर-20 की टीम ने लक्ष्य को पार नहीं कर पाया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर कुंदन कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत के सभापति व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, शहर के वरिष्ठ चिकित्सक व पूर्व सीएमएचओ द्वय डॉ. शमसुदोहा, डॉक्टर पीके श्रीवास्तव थे। अतिथियों ने टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों को पुरस्कृत किया। विजेता टीम रेड बुल के कप्तान डॉ. अर्पण सिंह चौहान व उविजेता टीम के कप्तान डॉ. अजय गुप्ता की टीम को विजेता और उपविजेता ट्राफी के साथ चेक प्रदान किया। सभी खिलाडिय़ों को व्यक्तिगत पुरस्कार भी बेहतर प्रदर्शन कर दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर कुंदन कुमार ने कहा कि मैच देखकर मन रोमांचित हो उठा है। यह जानकर और भी अच्छा लगा कि यह प्रदेश का पहला आयोजन है। ऐसे आयोजनों से निश्चित रूप से प्रतिभा सामने आती है। डॉक्टर जिन्हें समय नहीं मिलता वे कई दिनों तक यहां प्रैक्टिस कर मैच खेले यह बड़ी बात है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि डॉक्टर और पुलिस को अपने कार्य से समय ही नहीं मिलता कि खेल के बारे में वे सोच सकें किंतु अब पुलिस भी खेल पर ध्यान दे रही है और इस मैदान में डॉक्टरों को खेलते देख अच्छा लगा।



# खराब पड़े हैंडपंपों की कराई मरम्मत

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

गुरुवार को ग्राम पंचायत करंजवार, भेड़िया ,सिंगरी , घाट पेंडारी, व अन्य ग्राम पंचायतों में खराब हैंडपंपों की सूचना ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी को दी। इस पर मरावी ने विभागीय अधिकारी को जानकारी देकर हैंडपंपों का सुधार कार्य कराया। इस दौरान श्री मरावी ने कहा कि आपकी जो भी समस्या है, मैं उसके निराकरण के लिए हमेशा तत्पर हूं। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेवादल अध्यक्ष कुंदन मिश्रा, दीपक यादव , हरिप्रसाद कुशवाहा , सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



# 86 सहायक शिक्षकों को प्रधान पाठक के रूप में किया गया पदोन्नत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

मल्टीपरपज स्कूल में गुरुवार को काउंसिलिंग के माध्यम से प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों को पदोन्नत करते हुए प्रधान पाठक के पद पर नियुक्त किया गया। इसके लिए पूरी पारदर्शिता के साथ काउंसिलिंग प्रक्रिया जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में पूरी की गई। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि दिसंबर महीने में 800 सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला से प्राथमिक शाला प्रधानपाठक में पदोन्नती की गई थी। इसमें जो लोगों ने ज्वाइन नहीं किया था। वेटिंग लिस्ट के माध्यम से ज्वाइन कराया जा रहा है। 86 शिक्षकों को पदोन्नती किया जाएगा। काउंसिलिंग पूरी पादर्शिता के साथ की जा रही है। शिक्षकों को पदोन्नती किए जाने पर छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन के उप प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश नामदेव व जिला अध्यक्ष अजय केरकेट्टा द्वारा जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# कुदरगढ़ महोत्सव में दिखेगी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक व लोकगीतों की महफिल

**26 से 28 मार्च तक होगा आयोजन**

- संवाददाता -
सूरजपुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

अंचल की अधिष्ठात्री देवी मां बागेश्वरी के धाम में कुदरगढ़ महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारियां जोरो पर हैं। कलेक्टर इफ्फत आरा, जिला पंचायत सीईओ लीना कोसम ने कुदरगढ़ महोत्सव 2023 की तैयारियों का जायजा लिया। सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। कुदरगढ़ महोत्सव का आयोजन 26 से 28 मार्च तक तीन दिन का होगा। इस तीन दिवसीय महोत्सव में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति की झलक दिखेगी। साथ ही साथ इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ एवं जिले के स्थानीय उभरते कलाकार भी अपनी कला की शानदार प्रस्तुति देंगे कुदरगढ़ महोत्सव के पहले दिन 26



मार्च को डॉ. पूर्णाश्री राउत क्लासिकल डांस, मास्टर ओम अग्रहरि नन्हा सितारा एवं कला केंद्र सूरजपुर की प्रस्तुति, नासिर खान सूफी गायक, बीजीएम म्यूजिकल ग्रुप, दिलीप षडंगी भजन सम्राट, आमा पान के पतरी करेला, पान के दोना रायगढ़ द्वारा जगराता कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।27 मार्च को दूसरे दिन सुश्री आनंदिता तिवारी कथक नृत्य खैरागढ़ विश्वविद्यालय, जाकिर हुसैन स्टार वॉइस ऑफ इंडिया फेम कोरबा, पुनीत ग्रुप जबलपुर द्वारा शिव तांडव, अलका चंद्राकर रायपुर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध गायिका द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। तीसरे दिन 28 मार्च को संजय सुरीला सरगुजा, हाय रे सरगुजा नाचे फेम, पारंपरिक नृत्य समूह एचडी इवेंट फिलर प्रस्तुति, आरू साहू सिहावा सुआ बोलत हे फेम छत्तीसगढ़ी लोक गीत मुख्य आकर्षक के केन्द्र होंगे। सभी कार्यक्रम शाम 6 बजे से प्रारंभ होंगे। कुदरगढ़ महोत्सव में इसके अतिरिक्त पारंपरिक नृत्य, मानस मंडली एवं विविध खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

# सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर महिलाओं ने खोला मोर्चा



- संवाददाता -
सूरजपुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय से लगे गिरवरगंज की महिलाओं ने आज अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्राम गिरवरगंज में स्थित शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं आज कलेक्टर के पास आवेदन लेकर पहुँची थी। जुनमुनिया रजवाड़े का आरोप है कि ग्राम में स्थित शासकीय भूमि जिसका खसरा क्रमांक 2895 है जिसमें गांव के ही खेलसाय आ0 खेदुराम के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है ।ग्रामीणों का कहना है की औद्योगिक क्षेत्र हेतु पक्की रोड बनी हुई है जिसमें रोज हजारों गाड़ियों का आना जाना होता है उक्त रोड के बगल में आवेदक की भूमि खसरा क्रमांक 2904 है जो शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 2895 से लगी हुई है अनावेदक द्वारा जबरन सामने की ओर अतिक्रमण कर लिया गया है। रोड सकरा हो गया है तथा आवागमन में बाधा उत्पन्न हो गई है। जिससे आए दिन दुर्घटना होती रहती है तथा उद्योग क्षेत्र से निकलने वाली गाड़ियां जाम हो जाती हैं।उक्त अतिक्रमण को अति शीघ्र हटाने की मांग की गई है।

# इप्टा ने शहीदों को किया स्मरण,निकाली गई प्रभात फेरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



शहादत दिवस के अवसर पर 23 मार्च की सुबह इप्टा अंबिकापुर द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। 23 मार्च को ही शहीद भगत राजगुरु व सुखदव को फांसी दी गई थी। प्रभात फेरी सुबह 7 बजे गांधी चौक से महामाया चौक तक संपन्न हुई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में नौजवानों और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। हाथों में तख्तियां लिए व पर्चे बांटते हुए प्रभात फेरी में इंकलाब जिंदाबाद, समाजवाद जिंदाबाद और पूंजीवाद मुर्दाबाद के नारों से सडक़ें गूंजने लगी। सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में हैं गीत गाकर इप्टा के अध्यक्ष अंजनि पांडेय ने शहीदों को याद किया तथा लगातार नारे लगाते हुए प्रभात फेरी महामाया चौक जा पहुंची। स्कूली छात्र-छात्राओं में ऊर्जा का संचार होता गया। महामाया चौक पहुंचकर वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा -बच्चों को भगत सिंह के विचारों का अध्ययन करना होगा यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जितेंद्र सिंह सोढ़ी ने कहा कि भगत सिंह ने कहा था- पूंजीवाद अपनी सत्ता के लिए हमेशा धर्म का इस्तेमाल करता है। आज भी वही परिस्थितियां हैं। इसलिए भगत सिंह व अन्य शहीदों का अध्ययन करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने भगत सिंह के कथन को दोहराते हुए कहा कि सही आजादी तभी आएगी जब एक मनुष्य द्वारा दूसरे मनुष्य का शोषण खत्म होगा। अध्यक्ष अंजनी पांडेय ने इप्टा की मांग को दोहराते हुए कहा कि कला केंद्र को शहीद पार्क का दर्जा देते हुए वहां पर शहीदों की मूर्तियां लगाई जाए। उन्होंने उपस्थित सभी जनों को धन्यवाद देते हुए धरम गुप्ता, माधव राय , संजय शर्मा तथा स्कूलों के प्राचार्य इत्यादि को सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। इस प्रभात फेरी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन, पेंशनर यूनियन, ऑल इंडिया किसान सभा, सीटू , एटक खासतौर पर ओरिएंटल पब्लिक स्कूल, उर्सुलाइन, सेंट्रल स्कूल, मणिपुर गर्ल्स स्कूल, विवेकानंद स्कूल के शिक्षकों वह प्राचार्य को धन्यवाद दिया। जिनकी प्रेरणा से बालक बालिकाएं प्रभात फेरी में भारी संख्या में उपस्थित थे। उन्होंने गणमान्य नागरिकों को भी धन्यवाद दिया। अंत में पुष्प अर्पण व मौन श्रद्धांजलि के पश्चात प्रभात फेरी संपन्न हुई।

# आईजी पहुंचे कुदरगढ़ देवी मंदिर, सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा जिला सूरजपुर के थाना ओडग़ी अंतर्गत चौकी कुदरगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस चौकी में पदस्थ बलों की विस्तृत जानकारी लेते हुए परिसर की साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था संबंधी उपकरणों का बारीकी से अवलोकन करते हुए



सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना का भी निरीक्षण किए। चौकी में संधारित होने वाले रजिस्टरों जरायम, रोजनामचा, जब्ती, मर्ग रजिस्टर, एमएलसी रजिस्टर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए आईजी द्वारा सख्त निर्देश दिया गया कि लंबित अपराध, चालान, गुम इंसान व शिकायत संबंधी मामलों का समय अवधि में निकाल करने हेतु निर्देशित किया। आईजी द्वारा चौकी कुदरगढ़ के निरीक्षण उपरांत देवी धाम कुदरगढ़ मेला स्थल पहुंचे जहां समिति के सदस्यों द्वारा आईजी को मां कुदरगढ़ी देवी की चुनरी भेंट कर स्वागत एवं सम्मानित किया गया। तदोपरांत पुलिस महानिरीक्षक द्वारा देवी स्थल गर्भगृह तक जाने वाले प्रवेश मार्ग के सीढिय़ों से होकर लगभग 800 सीढियों की चढ़ाई करते हुए देवी धाम के गर्भ गृह स्थल पहुंचे जहां श्रद्धालुओं के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए परिसर में आने जाने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो उसके लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंदिर स्थल तक निरीक्षण करने उपरांत आईजी द्वारा निकास मार्ग से होते हुए पुनः पंडाल व पार्किंग व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए ड्यूटी में तैनात सभी पुलिस अधिकारी,कर्मचारियों को सख्त निर्देशित किए कि किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था एवं श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो उसके लिए आप सब सहयोग प्रदान करें। निरीक्षण दौरान पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ओडग़ी राजेश जोशी, चौकी प्रभारी कुदरगढ़ रमेश चंद्र राय सहित ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# आलू की उन्नत उत्पादन एवं प्रशंस्करण तकनीक पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

आलू एवं समशीतोष्ण फल अनुसंधान केन्द्र, मैनपाट में अखिल भारतीय समन्वित आलू अनुसंधान परियोजना (एसटीएसपी) अन्तगर्त आलू की उन्नत उत्पादन एवं प्रशस्करण तकनीक विषय पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन का किया गया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में मुख्य वत्ता के रूप में डॉ. रंजीत कुमार, वैज्ञानिक कृषि अभियंत्रिकी ने आलू की उन्नत उत्पादन हेतु बुवाई एवं आलू की खुदाई में उपयोग होने वाले कृषि यंत्रों के उपयोग एवं रख-रखाव तथा आलू के कण्द से बनने वाले उत्पाद, आलू चिप्स बनाने की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक बताया गया। इसी प्रकार वैज्ञानिक डॉ. राजेश चौक्से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र, अम्बिकापुर के द्वारा कृषकों को आलू के अधिकतम उत्पादन हेतु जैविक एवं रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। अन्त में प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक, आलू एवं समशीतोष्ण फल अनुसंधान केन्द्र, मैनपाट डॉ. पीएस राठिया द्वारा खरीफ एवं रबी में आलू उत्पादन हेतु उपयुक्त बीजों का चयन, बीज उपचार सिंचाई की मात्रा एवं नींदानाशी दवाइयों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में 80 कृषक उपस्थित थे।

CMYK

# पाकिस्तान के पंजाब में होने वाला चुनाव स्थगित, इमरान बोले-यह पाक संविधान का उल्लंघन है




**लाहौर,23मार्च 2023।** पाकिस्तान चुनाव आयोग ने बुधवार को पंजाब प्रांत में होने वाले चुनाव स्थगित कर दिए। इसके पीछे आयोग ने देश में कानून-व्यस्था की खराब स्थिति का हवाला दिया। अब आठ अक्तूबर को मतदान की नई तारीख का एलान किया जाएगा। इससे पहले चुनाव आयोग ने 30 अप्रैल से 8 अक्टूबर के बीच मतदान कराने का फैसला लिया था।

बता दें कि, इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी की तत्कालीन सरकारों को 14 और 18 जनवरी को पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में भंग कर दिया गया था। चुनाव आयोग (ईसीपी) ने अपने आदेश में कहा, चुनाव कार्यक्रम को वापस लेने के साथ आठ अक्तूबर को मतदान की तारीख के साथ नए कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी।

### इमरान खान ने चुनाव तारीख टालने का किया विरोध

पंजाब में चुनाव की तिथि को आगे बढ़ाए जाने को लेकर इमरान खान ने पाकिस्तान चुनाव आयोग की कड़ी आलोचना की है। इमरान खान ने चुनाव को अक्तूबर तक टालने के ईसीपी के कदम की निंदा करते हुए इसे पाकिस्तान के संविधान का उल्लंघन बताया। वहीं ईसीपी ने कहा कि पुलिस और रक्षा मंत्री सहित सुरक्षा एजेंसियों के कई वरिष्ठ स्तर के सदस्यों और संघीय सरकार ने चुनाव में देरी करने की सिफारिश की थी।

उन्होंने ट्वीट किया कि आज सभी को कानूनी समुदाय, न्यायपालिका और वकीलों के साथ इस उम्मीद के साथ खड़ा होना चाहिए कि वे संविधान की रक्षा करेंगे। अगर आज इसे स्वीकार कर लिया जाता है तो यह पाकिस्तान में कानून के शासन का अंत है। सभी को साथ होकर इसका विरोध करना चाहिए।

### खुफियों एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद लिया गया फैसला

ईसीपी ने कहा कि यह निर्णय सरकार, विभिन्न विभागों और खुफिया एजेंसियों को जानकारी मिलने के बाद लिया गया। जिसमें कहा गया कि देश में कानून और व्यवस्था की स्थिति इस समय किसी भी प्रांत में चुनाव कराने की अनुमति नहीं देती है। एक मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में विधानसभाओं के भंग होने के 90 दिनों के भीतर चुनाव होने चाहिए, जैसा कि संविधान द्वारा निर्धारित किया गया है।

### आयोग ने 30 अप्रैल की थी चुनाव कराने की तारीख तय

राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी को लिखे पत्र में ईसीपी ने पंजाब में चुनाव के लिए 30 अप्रैल की तारीख प्रस्तावित की थी। इस बीच खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर अली ने प्रांत में चुनाव की तारीख 28 मई तय की थी। आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह ने बुधवार को कहा कि चुनाव कराने पर अलग-अलग राय थी। संसद को इस संबंध में सरकार और अन्य संस्थानों से मार्गदर्शन की आवश्यकता थी। उधर, इमरान खान 2018 में सत्ता में आए और अप्रैल 2022 में संसद में अविश्वास मत से बेदखल होने वाले एकमात्र पाकिस्तानी प्रधानमंत्री हैं। सत्ता से बेदखल होने के बाद से उन्होंने मध्यावधि चुनावों की घोषणा करने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन पर अपनी मुहिम तेज़ कर दी है।

# लाइट बल्ब का खर्च नहीं उठा पाने से अंधेरे में बैठी है महिला, इंटरव्यू में पूछा सवाल तो सुनक ने दिया जवाब



**लंदन,23 मार्च 2023।** ब्रिटेन के प्रधानमत्री ऋषि सुनक का इंटरव्यू के दौरान एक महिला की ऐसी स्टोरी से सामना हुआ, जो आर्थिक संकट के कारण अंधेरे में रहने को मजबूर है, क्योंकि वह लाइट बल्ब खरीदने में सक्षम नहीं है। बीबीसी ब्रेकफास्ट कार्यक्रम में कार्नवाल की निक्की नाम की महिला का उदाहरण देते हुए सुनक से लीविंग कॉस्ट के बारे में सवाल किया गया।

बीबीसी के प्रेजेंटर जोन के ने कहा, निक्की नाम की महिला केयरटेकर के रूप में काम करती हैं, उसे 10.15 पाउंड प्रति घंटे मिलते हैं। उसकी रसोई इस हफ्ते अंधेरे में है। वह रसोई के लिए लाइट बल्ब का खर्च नहीं उठा सकती, जब तक उसकी बेटी को अगले सप्ताह भुगतान नहीं मिल जाता है। वह सोशल केयर में काम कर रही है।

प्रेजेंटर ने कहा, यह भरोसा करना मुश्किल है कि आप ब्रिटेन में 2023 में हैं। आप चांसलर थे, आप ट्रेजरी के मुख्य सचिव रहे हैं। अब आप प्रधानमंत्री हैं। मेरा मतलब है कि इस अर्थव्यवस्था में आपके फिंगरप्रिंट्स हैं। है ना? इस पर सुनक ने जवाब दिया, मुझे वास्तव में गर्व है कि प्रधानमंत्री बनने के बाद हमने जो चीजें कीं, उनमें से एक यह थी कि हमने कहीं और कुछ कठिन फैसले लिए। उदाहरण के लिए हम जिन परिस्थितियों में हैं, उन्हें देखते हुए हमने सबसे बड़ी कंपनियों के मुनाफे पर ज्यादा टैक्स लगाने का फैसला किया। सुनक ने कहा, हम उन परिस्थितियों में लोगों की मदद करने के लिए पैसे का इस्तेमाल कर रहे हैं। हम वास्तव में सोशल केयर में ज्यादा पैसे लगा रहे हैं।

सुनक ने कहा, हम निक्की की मदद कर रहे हैं। हम हर जगह सोशल केयर में अरबों पाउंड डाल रहे हैं। इससे हमें यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि निक्की को अच्छी तरह भुगतान किया जा सके। हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि निक्की के बिजली के बिल का सरकार द्वारा ध्यान रखा जाए।



# 19 साल में पहली बार बीजिंग की आबादी घटी

**बीजिंग,23 मार्च, 2023।** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 19 वर्षों में पहली बार, बीजिंग ने 2022 में अपनी जनसंख्या में गिरावट देखी। आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए, गुरुवार को कहा कि चीनी राजधानी की स्थायी निवासियों की आबादी 2021 में 21.88 मिलियन से गिरकर 2022 में 21.84 मिलियन हो गई।

इस बीच, इसी अवधि में बीजिंग में प्रवासियों की संख्या में भी गिरावट आई है। पिछली बार बीजिंग में जन्म से अधिक मौतें 2003 में हुई थीं, जब घातक गंभीर श्वसन सिंड्रोम (सार्स) का प्रकोप दक्षिणी चीन में उभरा और अंततः दुनिया भर में 8,000 से अधिक लोगों को संक्रमित किया। आंकड़ों से पता चला है कि 2022 की गिरावट अपेक्षाकृत कम है, जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि दर प्रति हजार निवासियों पर -0.05 तक गिर रही है।

इस बीच, चीन की राष्टीय आबादी भी पिछले साल 1961 के भीषण अकाल के बाद पहली बार घटी है।

# रूस ने चीनी मुद्रा युवान का रुतबा बढ़ाने के लिए अपनी मुद्रा रुबल की बलि चढ़ाई ?



**मास्को,23 मार्च 2023।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत के बाद साझा प्रेस कांफ्रेंस में रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन कारोबार में चीन की मुद्रा युवान के इस्तेमाल को लेकर एक बड़ी घोषणा की। जानकारों के मुताबिक इसका दूरगामी असर हो सकता है। पुतिन के इस एलान को विश्व कारोबार में अमेरिकी मुद्रा डॉलर का वर्चस्व तोड़ने की जारी कोशिश की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है।

पुतिन ने कहा- 'हम इस पक्ष में हैं कि रूस एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका आदि देशों के साथ अपने भुगतान का सेटलमेंट चीनी मुद्रा युवान के जरिए करे। मुझे पूरा भरोसा है कि रूस और उसके व्यापार भागीदारों के बीच युवान में सेटलमेंट का तरीका विकसित हो जाएगा।' विश्लेषकों ने ध्यान दिलाया है कि यूक्रेन युद्ध के सिलसिले में पश्चिमी देशों का प्रतिबंध लगने के बाद से रूस आपसी कारोबार में सारा भुगतान रूसी मुद्रा रुबल में करने पर जोर डाल रहा था। लेकिन अब उसने इसके लिए चीनी मुद्रा को अपनाने का एलान किया है। इससे दुनिया में युवान का रुतबा बढ़ेगा।

पुतिन ने यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए चीन की शांति योजना को भी अपना समर्थन दिया है। उनके इस बयान को भी अहम माना जा रहा है। चीन ने पिछले महीने यूक्रेन युद्ध रुकवाने के लिए अपनी 12 सूत्रीय शांति योजना पेश की थी। पुतिन ने कहा कि यह योजना यूक्रेन मसले के शांतिपूर्ण समाधान का आधार बन सकती है। इसी प्रेस कांफ्रेंस में शी जिनपिंग ने कहा कि चीन 'शांति और वार्ता' को आगे बढ़ाने के लिए जोर डालता रहेगा। उन्होंने रूस और यूक्रेन से अपील की कि वे आपस में बातचीत शुरू करें।

मास्को में दो दिन तक चली बातचीत के बाद पुतिन और शी ने दो दस्तावेजों पर दस्तखत किए। इनमें एक में आपसी संबंधों को गहराई देने का संकल्प जताया गया है। जबकि दूसरे दस्तावेज में साल 2030 तक द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग बढ़ाने की योजना पेश की गई है। इसके तहत दोनों देशों ने व्यापार से लेकर लॉजिस्टिक्स (संभार-तंत्र) तक में सहयोग बढ़ाने का इरादा जताया है।

पश्चिमी मीडिया में पुतिन-शी शिखर वार्ता को अमेरिकी नेतृत्व वाली विश्व व्यवस्था को चुनौती देने की रूस और चीन की कोशिश के अगले कदम के रूप में देखा गया है। ब्रिटिश अखबार द फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी एक टिप्पणी में कहा है कि इस मकसद से रूस चीन का जूनियर पार्टनर बनने को तैयार हो गया है। लेकिन दोनों राष्ट्रपतियों की बातचीत के बाद जारी साझा बयान में सफाई दी गई कि रूस और चीन का संबंध किसी तीसरे देश के खिलाफ नहीं है।

साझा बयान में कहा गया है- 'चीन और रूस के संबंध शीत युद्ध कालीन सैनिक गठबंधन जैसे नहीं हैं। ये संबंध सरकारी स्तर पर बनने वाले संबंधों से आगे चले गए हैं। इनका स्वरूप गठजोड़ जैसा नहीं है। यह टकराव के लिए नहीं है और इसके निशाने पर कोई तीसरा देश नहीं है।'

लेकिन दोनों देशों ने बहुपक्षीय विश्व व्यवस्था बनाने का संकल्प जताया है। साथ ही उन्होंने ऑकुस (ऑस्ट्रेलिया- यूनाइटेड किंगडम- यूनाइटेड स्टेट्स) सुरक्षा संधि को लेकर चिंता जताई है। विश्लेषकों के मुताबिक यह सीधे तौर पर अमेरिका विरोधी बयान है।

# चीन में गंभीर हो रही है शिशु जन्म दर गिरने की समस्या, आर्थिक अनिश्चितता है बड़ी वजह

**बीजिंग,23 मार्च 2023।** चीन में आबादी घटने को लेकर चिंताएं गहराती जा रही हैं। चीन पिछले साल ही जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की श्रेणी में शामिल हो गया, जहां आबादी में बुजुर्गों का अनुपात तेजी से बढ़ रहा है। ऐसा बच्चों और युवाओं का आबादी में अनुपात घटने के कारण हो रहा है। दक्षिण कोरिया में शिशु जन्म दर दुनिया के न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुकी है। सिंगापुर, थाईलैंड और ताइवान भी आबादी घटने की समस्या का सामना कर रहे हैं। वियतनाम और फिलीपीन्स जैसे देशों में आबादी की वृद्धि दर गिर गई है। लेकिन चीन की समस्या अलग किस्म की है।

जनसंख्या विशेषज्ञों के मुताबिक अगर किसी देश में बुजुर्गों का अनुपात उसकी समृद्धि के दौर में बढ़े, तब इसे समस्या नहीं माना जाता। उस स्थिति में बुजुर्ग आरामदायक अवस्था में रियाटरमेंट के बाद की उम्र गुजारने की स्थिति में होते हैं। लेकिन जापान में ऐसा तब हुआ, जब वह अपनी समृद्धि के शिखर से उतरने लगा था। जापान 1980 के दशक में अपनी समृद्धि के चरम पर पहुंचा था।



ऑस्ट्रेलिया में सिडनी यूनिवर्सिटी स्थित चाइना स्टडीज सेंटर में एसोसिएट प्रोफेसर लॉरेन जॉनस्टन व`बसाइट निक्कईएशिया.कॉम से कहा- 'जापान धनी होने के बाद के दौर में बुजुर्गों का देश बना। दूसरे विश्व युद्ध के बाद वहां जन्मी पीढ़ी ने सबसे समृद्ध जीवन गुजारा था।' जानकारों के मुताबिक अब चीन में आबादी में बुजुर्गों का अनुपात बढ़ने की समस्या खड़ी हो रही है, हालांकि वहां ऐसा एक अलग तरह की आर्थिक परिस्थितियों के बीच हो रहा है। जापान 1980 के दशक तक दुनिया के सबसे धनी देशों में शामिल हो चुका था। लेकिन चीन आज भी मध्यम आय वर्ग का देश है। इस बीच वहां आबादी में कामकाजी उम्र वाले लोगों की संख्या घटती जा रही है। इसका चीन की अर्थव्यवस्था पर विनाशकारी असर हो सकता है।

चीन के विश्लेषक भी देश में लगातार गिर रही जन्म दर पर चिंता जता रहे हैं। 2022 में चीन में प्रति महिला जन्म सिर्फ 1.1 दर्ज हुई, जबकि 2.1 से इस दर के नीचे आने को चिंता की बात समझा जाता है। चाइना पॉपुलेशन एसोसिएशन के अध्यक्ष झाई झेनवू ने पिछले वर्ष एक चीनी अखबार को दिए इंटरव्यू में कहा था- '1.3 या उससे नीचे की जन्म दर हमारे हित में नहीं है। हमारी राय है कि अगर जन्म दर 1.5 से 1.6 तक रखी जा सके, तो हमारी अर्थव्यवस्था और समाज के विकास के लिए वह अधिक अनुकूल होगी।'

शंघाई एकेडमी ऑफ सोशल साइंसेज की भविष्यवाणी है कि साल 2100 में चीन की आबादी सिर्फ 58 करोड़ 70 लाख रह जाएगी। यानी आज की तुलना में वहां आधी से भी कम आबादी ही रहेगी। इसका यह अर्थ भी होगा कि कामकाजी उम्र के हर 100 व्यक्ति पर 120 बुजुर्ग लोग होंगे, जिनकी देखभाल की जरूरत पड़ेगी।

बताया जाता है कि देश में मौजूद आर्थिक अनिश्चय का माहौल जन्म दर में आ रही गिरावट का एक प्रमुख कारण है। परिवार के पालन-पोषण के महंगा होने के कारण कम संख्या में लोग विवाह कर रहे हैं या कम बच्चे पैदा कर रहे हैं। यह पहलू 2016 में ही सामने आ गया था, जब पिकिंग यूनिवर्सिटी के एक सर्वे से सामने आया कि 1980 के बाद जन्मीं महिलाओं के बीच शिशु जन्म दर 1.2 रह गई है।

# वर्जीनिया सलाहकार बोर्ड में भारतीय-अमेरिकी नियुक्त

**न्यूयॉर्क,23 मार्च, 2023।** वर्जीनिया के गवर्नर ग्लेन यंगकिन ने भारतीय-अमेरिकी स्वास्थ्य पेशेवर श्रीलेखा पल्ले को वर्जीनिया एशियाई सलाहकार बोर्ड (वीएएबी) में नियुक्त किया है। अपनी नई भूमिका में, पल्ले गवर्नर को एशियन अमेरिकन एंड पैसिफिक आइलैंडर (वीएएबी) घटकों के सामने आने वाले मुद्दों पर सलाह और जानकारी देंगी, और समुदाय के हितों की वकालत करेंगी। वह गवर्नर को वाणिज्य, व्यापार, कला, शिक्षा और सामान्य सरकार के क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ राष्ट्रमंडल और एशियाई देशों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को सुधारने के तरीकों पर भी सलाह देंगी।




यंगकिन ने एक बयान में कहा,आज मैं श्रीलेखा पल्ले की नियुक्ति की घोषणा कर खुश हूं। मुझे विश्वास है कि उनकी मदद से हम वर्जीनिया की भावना को मजबूत करने और हमारे राष्ट्रमंडल के लिए महान चीजें हासिल करने में सक्षम होंगे।

हेल्थकेयर क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिकाओं में 23 से अधिक वर्षों के अनुभव वालीं डॉक्टर पल्ले 2019 में सुली जिला पर्यवेक्षक के लिए फेयरफैक्स रिपब्लिकन उम्मीदवार थीं।

वह स्वतंत्र महिला फोरम में एक विजिटिंग फेलो भी हैं, जहां वह लागत से लेकर सामर्थ्य और मूल्य पारदर्शिता तक, वर्तमान स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर नीतिगत कागजात लिखकर योगदान देती हैं।

वर्तमान में वह मध्य-अटलांटिक क्षेत्र में स्थित अस्पतालों और संबद्ध स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त देखभाल प्रदाताओं के एक संगठन, हेल्थकेयर काउंसिल के लिए एक पुनर्वास प्रभाग प्रमुख के रूप में एक स्वयंसेवी क्षमता में कार्य करती है।

# ब्रिटेन के पूर्व PM ने फिर मांगी माफी, पूछताछ में बोले- दिल पर हाथ रखकर कहता हूं...

**नई दिल्ली,23 मार्च 2023।** ब्रिटेन में पार्टीगेट मामले को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने एक बार फिर से माफी मांगी है। कोरोना लॉकडाउन के दौरान अपने सरकारी आवास यानी डाउनिंग स्ट्रीट में पार्टी को लेकर पूर्व में दिए गए बयान पर भी सफाई दी। कहा कि उन्होंने ब्रिटिश संसद को जानबूझकर गुमराह नहीं किया। जो कुछ हुआ वो अनजाने में हुआ।

इसके पहले जॉनसन से हाउस ऑफ कॉमन्स प्रिविलेज कमेटी यानी विशेषाधिकारी समिति ने बुधवार को करीब चार घंटे तक तक पूछताछ भी की थी। ये कमेटी इस बात की जांच कर रही है कि बोरिस जॉनसन ने पार्टीगेट मामले में संसद में झूठ क्यों बोला था?

### जॉनसन बोले, मैं दिल पर हाथ रखकर कहता हूं...

विशेषाधिकार समिति द्वारा पूछताछ के दौरान भी बोरिस जॉनसन ने माफी मांगते हुए सफाई दी थी। उन्होंने कहा, %मैं दिल पर हाथ रखकर कहता हूं, मैंने सदन से झूठ नहीं बोला है।% उन्होंने आगे कहा कि वे हर समय हाउस ऑफ कॉमन्स के साथ पूरी तरह से पारदर्शी थे। बोरिस जॉनसन ने कहा कि सरकारी विभागों के अधिकारियों को इस बात पर गर्व करना चाहिए कि उन्होंने देश को कोविड से बचाया। जॉनसन ने जोर देकर कहा कि अगर किसी को लगता है कि वे लॉकडाउन के दौरान पार्टी कर रहे थे तो वे पूरी तरह से गलत हैं। उन्होंने कहा कि ये कोई पार्टी या



सामाजिक कार्यक्रम नहीं था। वह खुद अधिकतम 25 मिनट के लिए मौजूद थे।

### जॉनसन ने और क्या कहा?

बोरिस जॉनसन ने समिति से कहा, %मैं अनजाने में इस सदन को गुमराह करने के लिए माफी मांगता हूं, लेकिन यह कहना कि मैंने इसे लापरवाही से या जानबूझकर किया, पूरी तरह से असत्य है। सबूत से भी यह साफ है।% उन्होंने कोरोना लॉकडाउन के दौरान अपने आवास पर पार्टी करने के मामले को लेकर भी सफाई दी। कहा, %मैं स्वीकार करता हूं कि सही तरीके से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया गया था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम जो कर रहे थे वह मार्गदर्शन के साथ असंगत है।

संसद सत्र में जब जॉनसन बोलने के लिए खड़े हुए तो उन्होंने बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ ली। बोले, %दिल पर हाथ रखकर मैं बोल रहा हूं कि मैं सदन से झूठ नहीं बोलता।% उन्होंने कहा, %जब यह जांच स्थापित की गई थी तो मुझे पूरा विश्वास था कि आपको यह दिखाने के लिए कुछ भी नहीं मिलेगा कि मैं कुछ और जानता या विश्वास करता हूं, जैसा कि वास्तव में आपने नहीं किया है।

बोरिस ने स्वीकार किया कि उन्होंने संसद को गुमराह किया था

मंगलवार को ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने स्वीकार कर लिया था कि उन्होंने पार्टीगेट मामले में संसद को गुमराह किया था। हालांकि, जॉनसन ने ये भी कहा कि ये उनसे अनजाने में हुआ। उनकी नीयत गलत नहीं थी। जॉनसन ने 52 पन्नों का लिखित डोजियर जांच कमेटी को दिया। इसमें उन्होंने बताया है कि उन्होंने दो साल के कोविड लॉकडाउन में नियमों को तोड़ने से इनकार क्यों किया?

### क्या है पार्टीगेट घोटाला

जब कोरोनावायरस अपने चरम था तो ब्रिटेन में पूर्ण लॉकडाउन लगा दिया गया था। इसी लॉडाउन के बीच बोरिस जॉनसन का 56वां बर्थडे मनाया गया था और पार्टी का आयोजन उनकी पत्नी कैरी ने किया था। वहीं कोरोना लॉकडाउन प्रतिबंधों के मुताबिक पार्टी या किसी भी तरह के आयोजन की अनुमति नहीं थी साथ ही किसी कार्यक्रम में दो से ज्यादा एक जगह लोगों के शामिल होने की मंजूरी नहीं थी, लेकिन फिर भी इस कार्यक्रम में करीब 30 लोग शामिल हुए। जॉनसन और उनके कर्मचारियों ने जमकर पार्टी की। इसी घटना को पार्टीगेट घोटाला के नाम से जाना जाता है।

# सोनहत क्षेत्र में किसान कांग्रेस पदाधिकारियों का धुंआधार जनसंपर्क लगातार जारी

» गांव-गांव में ले रहे सभाएं, ग्रामीणों में भी दिख रहा गजब का उत्साह

» जनसम्पर्क में उमड़ रही अच्छी खासी भीड़ से विपक्षी दलों की बढ़ रही चिंता

» गांव-गांव में प्रोजेक्टर लगा कर दिखाए जा रहे सरकार व विधायक गुलाब कमरो के कार्य

» ग्रामीण अंचलों में प्रोजेक्टर लगने से उत्साहित हैं ग्रामीण

» शासकीय योजनाओं के साथ हर छोटे बड़े कार्यों की दे रहे जानकारी





- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

सोनहत विकासखण्ड में इन दिनों कांग्रेस पदाधिकारियों का जन सम्पर्क अभियान जोर शोरो से जारी है वही इस जन सम्पर्क अभियान में उमड़ रही भारी भीड़ ने विपक्षी दलों की चिंता भी बढ़ा दी है, इस सबन्ध में मिली जानकारी अनुसार किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव व विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय, मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रेमसागर तिवारी, अनित दुबे व लव प्रताप सिंह के द्वारा क्षेत्र में प्रोजेक्टर अभियान चलाया जा रहा है, गांव गांव में प्रोजेक्टर लगा कर छत्तीसगढ़ शासन की योजनाएं विधायक गुलाब कमरो के द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यो के साथ विधायक का लाइव उद्बोधन भी प्रसारित किया जा रहा है, इस तरह का प्रचार जहां ग्रामीणों को भी खूब भा रहा है वही उन्हें मनोरंजन के साथ शासन के योजनाओं की भी जानकारी मिल रही है। किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव व विधायक प्रतिनिधि राजन पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान की शुरुवात रामगढ़ बाजार स्थल से की गई जहां किसान कांग्रेस के द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों, योजनाओं, वनोपज आधारित योजनाएं, राजीवगांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, श्रमिक से सम्बंधित योजना, स्वास्थ्य, एवं पशुधन से जुड़ी योजनाओं के अलावा छत्तीसगढ़ सरकार एवं विधायक माननीय गुलाब कमरो जी के द्वारा सोनहत विकासखण्ड एवं खास रामगढ़ की सातों पँचायत में लगातार कराए जा रहे सभी छोटे बड़े विकास कार्यो की जानकारी प्रोजेक्टर चलचित्र एवं साउंड के माध्यम से रामगढ़ के विभिन्न चौक चौराहों पर दिया गया इसके अलावा बजट सत्र की संध्या बजट का रेकॉर्डेट प्रसारण लटमा बाजार में किया गया जहां लोगो ने बजट को खूब सराहा और मुख्यमंत्री व विधायक गुलाब कमरो की प्रशंसा की।

अलग अलग क्षेत्रो में अलग कार्य- राजन पाण्डेय के साथ अनित दुबे व प्रेम सागर तिवारी ने बताया कि जिस क्षेत्र में कार्यक्रम किया जाता है उस क्षेत्र के आस पास के क्षेत्रों के सभी विकासकार्यो की जानकारी अलग अलग वार्ड में प्रोजेक्टर के माध्यम से दी जा रही है, इसके अलावा बाजार स्थलों पर भी अलग से कार्यक्रम आयोजित किया जा है, सभा के बाद ग्रामीणों से संवाद किया जा रहा है, क्षेत्र के ग्राम जनों की समस्याओं व मांगों की जानकारी लेकर उसके निवारण हेतु त्वरित प्रयास किये जा रहे हैं जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।

42 पंचायतों में होगा आयोजन- किसान कांग्रेस कोषाध्यक्ष लव प्रताप सिंह व उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र राजवाड़े ने बताया कि उक्त कार्यक्रम को 42 पंचायतों में करने का लक्ष्य रखा गया है जिसे लगभग 1 महीने में में पूरा करना है जिसमे अधिकांश ग्रामो में लगातार वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से विधानसभा स्तर, विकासखण्ड स्तर, एवं सम्बंधित क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों के साथ माननीय मुख्यमंत्री, विधायक एवं सांसद महोदया के कार्यों के साथ छत्तीसगढ़ सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जावेगी । इस कार्यक्रम के दौरान राजन पाण्डेय प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस एवं विधायक प्रतिनिधि भरतपुर सोनहत, अनित दुबे सांसद प्रतिनिधि, लव प्रताप सिंह जिला कोषाध्यक्ष किसान कांग्रेस, के अलावा सम्बंधित पँचायत क्षेत्र के प्रमुख पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

# सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियों में निवासरत बच्चों के सर्वेक्षण हुआ प्रारंभ

» रेस्क्यू एवं पुर्नवास हेतु अभियान जारी





- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, 23,मार्च 2023 (घटती-घटना)।

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण अधिकार ने बताया कि एमसीबी कलेक्टर के नेतृत्व तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के सर्वेक्षण, रेस्क्यू एवं पुनर्वास की कार्यवाही हेतु अभियान जारी है।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश व छत्तीसगढ़ शासन के बाल सक्षम नीति के अनुसार बाल श्रम, अपशिष्ठ संग्रहण एवं भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों के अंतर्गत सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के रेस्क्यु अभियान जिले के चिन्हांकित हॉट स्पोट स्थल रेल्वे स्टेशन, मार्केट, बस स्टैण्ड, हाट बाजार, जुग्गी-झोपड़ी, नगरी क्षेत्र, उद्योग, कारखानो, मार्केट एवं प्रतिष्ठानों में चलाया जा रहा है, जो 31 मार्च 2023 तक जारी रहेगा। अभियान के अंतर्गत गत मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा मनेन्द्रगढ़ मार्केट, हजारी चौक, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, ग्राम पंचायत लालपुर एवं केराडोल चिरमिरी में विशेष अभियान चलाया गया। इसी प्रकार खडगवा अंतर्गत ग्राम पंचायत दुबछोला, ठग्गांव में भी अभियान चलाया गया।

उल्लेखनीय है कि एमसीबी कलेक्टर के नेतृत्व में पूर्व में चलाये अभियान के दौरान कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने वाले बच्चे जो शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित थे, जिन्हें विद्यालय से जोड़ा गया। इन चिन्हांकित बच्चों का जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा फॉलोअप कर मिशन वात्सल्य के दिशा निर्देशानुसार बच्चों को बाल कल्याण समिति में उपस्थित कराकर शासन की विभिन्न योजना से जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। चिन्हांकित बच्चों को प्रवर्तकता कार्यक्रम का लाभ एवं कुछ बच्चों को संस्थागत देखरभाल में रखा जायेगा।

सड़क एवं सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बालक वे है, जो बिना किस सहारे के सड़कों पर अकेले रहते है, दिन में सड़कों पर रहते है और रात में निकट की झुग्गी/झोपड़ी बस्तियों में रहने वाले अपने परिवार के पास घर वापस आ जाते है, अपने परिवार के साथ सड़कों पर रहने वाले बच्चे। इस प्रकार के श्रेणी के बच्चे अपनी उत्तजीविका, भोजन, पानी, वस्त्र, आश्रय एवं संरक्षण हेतु प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के संघर्षो एवं चुनौतियों का सामना करते है। ऐसे बच्चों का चिन्हांकन की कार्यवाही हेतु विभाग द्वारा लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि इस प्रकार के बच्चों के चिन्हांकन एवं पुर्नवास सतत प्रक्रिया है, अभियान समाप्ति के उपरांत भी सतत् रूप से चिन्हांकन, पुनर्वास की कार्यवाही बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुये किया जावे।

संबंधित विभाग, जनप्रतिनिधि, आमजनो से यह अपील की जाती है, कि इस प्रकार के बच्चे मिलने, दिखने या जानकारी होने पर कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाईल्ड लाईन ट्रोल फ्री न. 1098 पर सूचित किया जा सकता है, जिस पर जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं चाईल्ड लाईन त्वारित कार्यवाही करेगी।

# 10 कार्यालय में कर्मचारी मिले अनुपस्थित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए 10 कार्यालय के कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित कार्यालय प्रमुखों को देते हुए प्रकरण के निराकरण होने तक उनके वेतन आहरण पर रोक लगा दिया है।

**निराकरण होने तक कार्यालय प्रमुखों के वेतन आहरण पर लगी रोक**

कलेक्टर के निर्देश पर विगत दिवस अपर कलेक्टर एएल ध्रुव के द्वार विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रम पदाधिकारी, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, कार्यपालन अभियन्ता पीएमजीएसवाय, सर्व शिक्षा अभियान, जिला निर्वाचन स्थानीय, जिला निर्वाचन सामान्य, खनिज, आदिवासी विकास, पीएमजीएसवाय एवं आबकारी विभाग के कार्यालय में कर्मचारी अनुपस्थि मिले। इसके साथ ही इन कार्यालयों में जनवरी व फरवरी माह में उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर अंकित नहीं करने वाले कर्मचारियों का भी वेतन आहरण कर दिया गया है। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर के निरीक्षण प्रतिवेदन को गंभीरता से लेते हुए निरीक्षण दिवस में अनुपस्थित रहे कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना जारी करते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश कार्यालय प्रमुखों को दिए हैं। इसके साथ ही अनुपस्थितों के मामले का निराकरण होते तक कार्यालय प्रमुखों के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

# चैत्री छठ को लेकर घुनघुट्टा नदी तट पर तैयारी शुरू



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

चैत्र माह में होने वाले चैती छठ के लिए घुनघुट्टा नदी तट पर तैयारियां शुरू हो गयी है। श्याम घुनघुट्टा सेवा समिति के संरक्षक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता, समिति के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता आयोजन की तैयारियों में जुटे है। पहली बार घुनघुट्टा नदी तट पर चैती छठ के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही है। घाट की साफ-सफाई के साथ सजावट का काम किया जा रहा है। तैयारियों में नारद गुप्ता, प्रेम कुशवाहा, मनीष कश्यप सहित समिति के सदस्य सक्रिय हैं। लोक आस्था का महापर्व चैती छठ की शुरुआत नहाय खाये के साथ 25 मार्च से शुरू हो रहा है। उस दिन व्रती गंगा स्नान कर अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी, आंवले की चाशनी आदि ग्रहण कर चार दिवसीय इस महापर्व का संकल्प लेंगे। 26 मार्च रविवार को कृत्तिका नक्षत्र और प्रीति योग में व्रती पूरे दिन उपवास कर संध्या काल में खरना की पूजा के बाद प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसी के साथ व्रतियों का 36 घंटे निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। 27 मार्च को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा और 28 मार्य को उदयमान सूर्य को अर्ध्य अर्पित कर पारण किया जाएगा। 27 मार्च को शाम के अर्ध्य के लिए 5.30 बजे व 28 मार्च को सुबह के अर्ध्य के लिए 5.55 बजे का मुहूर्त है।

# विश्व टीबी दिवस के अवसर पर बलरामपुर को टीबी मुक्त बनाने की पहल

बलरामपुर, 23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री बसंत सिंह के मार्गदर्शन में 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर लोगों में टीबी के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में ''हाँ ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं'' के थीम के साथ 24 मार्च से 13 अप्रैल 2023 के बीच जिला व विकासखण्ड तथा हेल्थ एंड़ वेलनेश सेंटर स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु शपथ ग्रहण, निबंध लेखन, दिवाल पर टीबी से संबंधित संदेश लेखन, प्रभात फेरी व सायकल रैली के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी शासकीय एवं गैर शासकीय कार्यालयों तथा जिलेवासियों से 24 मार्च विश्व टीबी दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त बलरामपुर बनाने हेतु आयोजित शपथ लेने की अपील की है।

**24 मार्च से 13 अप्रैल तक किया जायेगा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन**

गौरतलब है कि टीबी के विनाशकारी सामाजिक आर्थिक और स्वास्थ्य परिणामों के संबंध में जागरूकता लाने तथा बलरामपुर को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में 21 दिवसीय कार्यक्रम में 24 मार्च को शपथ ग्रहण, 25 मार्च को सोशल मीडिया कैंपेन, 27 व 28 मार्च को स्कूलों में निबंध, पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता, 29 मार्च से 1 अप्रैल तक प्रभात फेरी, साइकलोथॉन रैली, 3 से 6 अप्रैल तक जनप्रतिनिधियों, टीबी मरीजों व टीबी सर्वाइवरों का विभिन्न स्तर पर बैठक तथा 8 से 11 अप्रैल तक आयुष्मान भारत-हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर एवं जिला मुख्यालय व विकासखण्ड मुख्यालयों के सड़को पर टीबी से संबंधित संदेश का लेखन कर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# युवाओं को मिला उद्यमिता विकास प्रशिक्षण






- संवाददाता -
अम्बिकापुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत गुरुवार को लाईवलीहुड कॉलेज में 15 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 110 युवाओं को अपने व्यवसाय, व्यापार, उद्योग को सफलतापूर्वक संचालन करने का हुनर सिखाकर प्रभावी संचार कौशल, विपणन प्रबंधन, मार्केट सर्वे, समय प्रबंधन इत्यादि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया जाएगा।

जिला आबकारी अधिकारी नवनीत तिवारी, जिला रोजगार अधिकारी श्री ललित पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री बसंत मिंज, जिला श्रम पदाधिकारी श्री नितेश विश्वकर्मा, जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम सिद्दीकी, नेस वर्ल्ड की स्टेट कोऑर्डिनेटर दीपिका शर्मा के द्वारा युवाओं को उद्यम स्थापित करने हेतु जरूरी मार्गदर्शन दिए।

उद्यमिता विकास कार्यक्रम का उद्देश्य क्रियान्वयन एजेंसियों को वित्त, उत्पादन, विपणन, कराधान, उद्यम प्रबंधन, बैंकिंग औपचारिकताएं, बहीखाता पद्धति आदि जैसे विभिन्न प्रबंधकीय और परिचालन कार्यो से संबंधित अभिविन्यास और जागरूकता प्रदान करना है।

इस अवसर पर लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य गिरीश गुप्ता, एपीओसी अकरम खान, एमटी रेनू पांडे, राहुल गुप्ता, चमकीला मानिकपुरी, बालेश्वर यादव उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

- संवाददाता -
रामानुजनगर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

तीन चरणों के मुख्य मंत्री शाला सुरक्षा प्रशिक्षण का समापन आज विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों को कर्तव्य प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ सम्पन्न किया गया, विगत तीन दिनो से चले इस प्रषिक्षण मे विकाख खण्ड रामानुजनगर के चयनित शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया



गया प्रशिक्षण मे मुख्य रूप् से समसामयिक विषयो जैसे बाल यौन अपराध, बाल संरक्षण, अग्नि सुरक्षा प्रबंधन, भूकंप प्रबंधन, पानी मे डूबने से बचाव के उपाय, त्योहारों के समय सुरक्षा व बचाव के उपाय, सॉप - बिच्छू काटने पर बचान के उपाय, डेगू से बचाव आदि विषयों मे विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं शनिवार के दिन विद्यलयों मे होने वाली गतिविधियों मे मॉक ड्रील को करानने सहित विद्यालयों की सुरक्षा चेक लिस्ट, प्रगति प्रतिवेदन पत्रक भरने के सबंध मे भी बताया गया। समापन कार्यक्रम मे बी.ई.ओं पंडित भारतद्वाज, बी.आर.सी. बी.आर. पैकरा, ट्रेनर जगदीष साहू, रविशंकर साहू सहित विकास खण्ड मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित थे।

# सिद्धि आजीविका संकुल संगठन कुन्नी में वार्षिक आमसभा हुआ संपन्न

- संवाददाता -
लखनपुर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।



सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पांडे के मार्गदर्शन में लखनपुर विकासखंड के ग्राम कुन्नी के सिद्धि आजीविका संकुल संगठन में 22 मार्च दिन बुधवार को छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत महिला समुहो का वार्षिक आम सभा संपन्न हुआ। इस आमसभा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोनिका पैकरा जनपद उपाध्यक्ष अमीत सिंहदेव विशिष्ट अतिथि चौपाल संस्था के डायरेक्टर गंगाराम पैकरा ,मुन्ना पांडे, मकसूद हुसैन उपस्थित रहे। बिहान योजना में कार्यरत महिलाओं द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र में धूप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोनिका सिंह पैकरा जनपद उपाध्यक्ष अमित सिंहदेव ने उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा की प्रदेश सरकार महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने हर संभव प्रयास कर रही है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन बिहान योजना से जुड़कर स्वयं सहायता समूहों की महिलाए शासन के योजनाओं के बीच कड़ी के रूप में काम कर रही है। जो की सराहनीय है। साथ ही महिलाओं का मनोबल भी बढ़ाया। अतिथियों ने दूरस्थ गांवों से आए समुह के महिलाओं को जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। साथ ही वार्षिक आम सभा में उपस्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया कुन्नी शाखा प्रबंधक राहुल मोदी व सहयोगी शाखा प्रबंधक के द्वारा वित्तीय संबंधित महिलाओं के साथ विस्तृत चर्चा कर जानकारी दी। वार्षिक आम सभा में उपस्थित महिलाओं का कुर्सी दौड़, लंगड़ी दौड़ खेल प्रतियोगिता सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया गया । सांस्कृतिक तथा खेलकूद प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा विजेता महिलाओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में संकुल प्रभारी श्रीमती रूही शबा पीआरपी श्रीमती मीरा प्रजापति संकुल स्तरीय सभी कैडर्स का विशेष योगदान रहा। बड़ी संख्या में वनांचल क्षेत्र की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित रहे।

CMYK

# मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

- सौरभ यादव-
तिल्दा-नेवरा ,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

थाना से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी गये मोटरसाइकिल को किया गया बरामद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) नीरज चन्द्राकर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी तिल्दानेवरा के नेतृत्व में संपत्ती संबंधी अपराध में अंकुश लगाने मोटर साइकिल चोर को गिरफ्तार किया गया है। प्रार्थी ईश्वरी धीरज के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 19/03/23 को शाम करीब 05ः00 बजे यह अपनी मो0सा0 हीरो एच.एफ. डीलक्स कमांक CG 04 LS 4972 से सब्जी खरीदने बुधवारी बाजार नेवरा आया था, मो0सा0 को बुधवारी बाजार नेवरा के पास खड़ी कर लॉक कर सब्जी खरीदने बुधवारी बाजार गया था, सब्जी खरीदकर वापस करीब 05:30 बजे आया तो देखा कि जहां पर मो0सा0 खडी किया था वहां पर नही था, आसपास पतातलाश किया, पता नहीं चला कि कोई अज्ञात चोर इसकी मो0सा0 हीरो एच.एफ. डीलक्स कमांक छ्त्त 04 स्स् 4972 पुरानी इस्तेमाली कीमती करीब 20,000/ रू को चोरी कर ले गया है




कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर माल मुल्जिम पतातलाश में लिया गया। दौरान विवेचना के आज दिनांक 22/03/23 को मुखबीर सूचना से सूचना मिली कि नेवरा शराब भट्ठी के पास एक व्यक्ति चोरी का मो0सा0 मो0सा0 हीरो एच.एफ. डीलक्स क्रमांक सीजी 04 एल. एस. 4972 को अपने पास रखकर बिक्री हेतु ग्राहक तलाश कर रहा है कि सूचना तस्दीक पर संदेही सुरेश कुमार चेलक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार किया जिसका मेमो0 कथन लेखबद्ध किया गया जो अपने पास रखे मो0सा0 की चॉबी से मो0सा0को दिनांक घटना को चोरी करना तथा आज दिनांक को बिकी करने हेतु ग्राहक का तलाश करना, मो0सा0 को बरामद करा देना स्वीकार किया जो आरोपी के मेमो0 कथनानुसार आरोपी से कब्जे से मो0सा0 हीरो एच. एफ. डीलक्स क्रमांक CG 04 LS 4972 को मय चॉबी के बरामद कर समक्ष गवाहान् मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा प्रकरण में चोरी गये मशरूका मिल जाने से वजाप्ता सुमार किया गयां अपराध सबूत पाये जाने पर आरोपी को विधिवत् समय सदर में गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन को दी गई। प्रकरण अजमानतीय होने व प्रकरण की विवेचना अपूर्ण होने से न्यायिक रिमाण्ड प्रतिवेदन तैयार किया गया है।

## बालको वन विभाग की टीम ने सियार का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

- संवाददाता -
कोरबा,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

बालको के आवासीय कालोनी सेक्टर-4 में सुबह साढ़े 11 बजे के लगभग एक सियार जंगल से भटक कर कालोनी में घूम रहा था। जिससे किसी नुकसानी की आशंका से कालोनी वासियों में दहशत का माहौल था।वन विभाग को सूचना मिलने पर रेंजर जयंत सरकार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और सियार को रेस्क्यू करने के साथ ही उसे जंगल में छोड़ दिया। सियार को रेस्क्यू किये जाने पर कालोनीवासियों ने राहत की सांस ली है।



## डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण कार्य का काम पूरा होने के एक साल बाद भी मजदूरों को नहीं दिया गया मजदूरी



- संवाददाता -
कोरबा,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

शासन किसी योजना अथवा निर्माण के संबंध में उसके प्राक्कलन के अनुसार राशि विभागों को जारी करती है जिसमें काम करने वालों का मेहनताना भी शामिल होता है, परंतु यह विडंबना है कि मजदूरों को उनका मेहनताना देने में अधिकारियों और ठेकेदारों के पसीने छूट जाते है। दूसरी तरफ निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार कर, गुणवत्ता हीन सामग्रियों का उपयोग कर लाखों रुपए यूं ही बचा लिए जाते हैं। आधे-अधूरे कार्यों का पूरा भुगतान हो जाता है, जो काम हुए ही नहीं उनकी भी राशि निकल जाती है, फर्जी मजदूरों का भुगतान करने में भी कोई हिचकिचाहट नहीं होती, सरकारी राशि निजी खातों में यूं ही डाल दी जाती है लेकिन हाथ नहीं कांपते न कार्यवाही का भय सताता है। ऊपर से फाइल आगे बढ़ाने, कार्य का भुगतान करने के एवज में कमीशनखोरी भी अलग से की जाती है । ऐसे ही अधिकारियों और कर्मचारियों तथा चंद ठेकेदारों के भ्रष्ट कारनामों का खामियाजा मेहनतकश मजदूर भुगत रहे हैं। आदिवासी और जंगल क्षेत्र में रहने वाले मजदूरों का हाल और भी बदहाल है जो अपने शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने में संकोच करते हैं / डरते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है और इसकी शिकायत की गई है जिसमें 01 साल पहले कराए गए कार्य की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया और वह डब्ल्यूबीएम सड़क भी बह गई। यह कार्य कटघोरा वन मंडल के चैतमा वन क्षेत्र अंतर्गत सपलवा से छिंदपहरी के मध्य 03 किलोमीटर डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण कार्य का है। इस कार्य में लगे मजदूरों के द्वारा इस वर्ष भी रामाकछार से बगदरा छिंदपानी के मध्य डब्ल्यूबीएम सड़क में मजदूरी की जा रही है। पेट की आग बुझाने के लिए काम करना जरूरी है लेकिन इनका पसीना सूख जाने के बाद भी मेहनताना नहीं मिलना शर्मनाक है। मजदूरी भी शासन से निर्धारित दर के अनुसार ना देकर काफी कम दी जा रही है और उस पर भी रकम बकाया रखी जा रही है तो समझा जा सकता है कि वन अधिकारियों की नाक के नीचे किस प्रकार से मजदूरों का शोषण हो रहा है।

## चैत्र नवरात्र पर मां सर्वमंगला मंदिर में मां की दर्शन के लिए भक्तों की उमड़ी भीड़

» 08 हजार मनोकामना ज्योति कलश से जगमगा रहा मां सर्वमंगला मंदिर

- संवाददाता -
कोरबा,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

आदि शक्ति मां दुर्गा का आशीर्वाद बुधवार से पूरे 09 दिन तक भक्तों को मिलेगा। मान्यता है कि नवरात्र में माता अपने भक्तों के बीच पहुंचती हैं। जिले में देवी मां की आस्था में नगर समेत उपनगरों व ग्रामीण अंचल के प्रसिद्ध देवी दरबार मनोकामना ज्योत से जगमगाने लगे हैं । लोगों ने अपने अपने नाम के ज्योत कलश को जलाने के लिए अपनी सुविधा के अनुसार मंदिर पहुंचते रहे। यह क्रम देर शाम तक चलता रहा। हर बार की तरह इस बार भी सर्वाधिक 7350 भक्तों के नाम की मनोकामना ज्योत मां सर्वमंगला के दरबार में जल रहे हैं। यहां 6600 तेल ज्योत तो 750 घृत ज्योत प्रज्वलित हो रहे हैं। नवरात्र के पहले ही दिन से देवी मंदिरों में लोगों ने पहुंचकर पूजा अर्चना किए। मां सर्वमंगला मंदिर की महिमा अपने देश में रहने वाले भक्तों में तो है ही विदेशों में रहने वाले भारतीयों में भी आस्था बनी हुई है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि चैत्र नवरात्र में यहां प्रज्वलित हो रहे मनोकामना ज्योत में इस बार 02 विदेशों में रहने वाली भारतीयों के नाम भी जल रहे हैं। जिसमें से एक सिंगापुर तो दूसरा सउदी अरब में रहते हुए अपने नाम के मनोकामना ज्योत जलाए हैं।





## शोभायात्रा के दौरान भैरव बाबा की झांकी में लगी आग से झांकी में बैठा कलाकार झुलसा

- संवाददाता -
कोरबा,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के कोरबा में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन निकल रही शोभायात्रा में बड़ा हादसा टल गया। शोभायात्रा के दौरान निकल रही झांकियों में से एक झांकी में अचानक आग लग गई। इसके बाद वहां भगदड़ मच गया। आनन-फानन में पानी डालने पर जब आग पर काबू नहीं पाया गया तब वहां के स्थानीय व्यापारियों ने अपने दुकानों की अग्निशमन यंत्र से आग पर काबू पाया द्य इस दौरान झांकी में ऊपर की ओर भैवर के भेष में बना कलाकार झांकी के ऊपर बैठा था। अचानक लगी आग लगने से उसे संभलने का मौका नहीं मिला। उसने जान बचाने के लिए ऊपर से ही छलांग लगा दी। हालांकि इसके बाद भी वह झुलस गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि आग झांकी में रखे अलाव के चलते लगी थी। हवा तेज होने के कारण अलाव की लपट ने झांकी में लगे कपड़े को अपनी चपेट में ले लिया और फिर आग तेजी से ऊपर की ओर बढ़ने लगी थीं।





## देवल्ला में ज्वारा स्थापना के साथ ग्रामीण अंचल मे आरंभ हुआ नवरात

- संवाददाता -
रामानुजनगर,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

ग्रामीण क्षेत्र के आस्था के केन्द्र देवल्ला मे ग्राम बैंग की उपस्थिती क्षेत्र के खुषियाली, सुख - समृद्वि , अमज चैन के यचना के साथ देवी शक्तियो के आवह्र कर ज्वारा स्थापना के साथ 9 दिनों तक चलने वाली शक्ति उपसना की विधि विधान से उपसना आरंभ किया गया इस दौरान उपासको के द्वारा अपने - अपने ज्वारा को ग्राम बैंगा से आषिष प्रदान कर विधि विधान के साथ अपने घरों मे स्थापना कर भक्ति भाव से माता की उपस्थना आरंभ किया , इस दौरान भजन मण्डली के द्वारा देवी जस गीतो की सुन्दर गीतो देव स्थान को भक्ती बना दिया।



# योजनाओं पर गंभीरता से करें कार्य,उदासीनता कतई स्वीकार्य नहीं:आयुक्त

- संवाददाता -
कोरबा,23 मार्च 2023 (घटती-घटना)।

निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि शासन की जनकल्याणकारी व फ्लैगशिप योजनाओं पर पूरी गंभीरता से कार्य करें, त्रुटिरहित संचालन करते हुए हितग्राहियों तक अपेक्षित लाभ पहुंचाएं। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि योजनाओं के संचालन में उदासीनता कतई स्वीकार्य नहीं होगी, अतः इनसे जुड़े कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा बेहतर परिणाम हासिल करें। आयुक्त पाण्डेय ने निगम के विकास व निर्माण कार्यो में अपेक्षित गति लाने, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो का संपादन पूर्ण निष्ठा के साथ किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। उन्होने शासन की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना,धन्वंतरी योजना, मुख्यमंत्री मितान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, डायरेक्ट भवन अनुज्ञा स्कीम, अनियमित विकास का नियमितीकरण, भवन निर्माण अनुज्ञा, विकास व निर्माण कार्य, राजस्व वसूली सहित निगम के नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो, पेंशन योजनाओं आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। आयुक्त पाण्डेय ने गोधन न्याय योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा, नगर पालिका दीपका व कटघोरा, ननगर पंचायत पाली व छुरी आदि जिले के सभी निकायों के गोठानों व गोबर खरीदी केन्द्रों में गोबर की खरीदी, खाद निर्माण व उनका विक्रय आदि की निकायवार, गोठानवार समीक्षा की तथा योजना के बेहतर संचालन के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। उन्होने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत जिले के सभी निकायों में मोबाईल मेडिकल यूनिट्स शिविरों के आयोजन, दवाईयों की उपलब्धता, लाभांवित हितग्राहियों की संख्या आदि की बिन्दुवार जानकारी लेते हुए शिविरों के त्रुटिरहित संचालन व आमनागरिकों की निःशुल्क जांच तथा उनकी बीमारियों का निःशुल्क इलाज किए जाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त पाण्डेय ने धन्वंतरी योजना, मुख्यमंत्री मितान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं की कार्यप्रगति की भी योजनावार समीक्षा की तथा योजनाओं के त्रुटिरहित संचालन के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अनियमित विकास के नियमितीकरण की वर्तमान कार्यप्रगति की समीक्षा की, उन्होने निगम के सभी 08 जोन से नियमितीकरण हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों तथा उन पर की गई कार्यवाही की समीक्षा करते हुए आवेदनों की संख्या बढ़ाने, नियमितीकरण हेतु लोगों को जागरूक करने व उन्हें नियमितीकरण के फायदों की जानकारी देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त पाण्डेय ने भवन अनुज्ञा हेतु प्राप्त आवेदनों तथा जारी की गई भवन अनुज्ञा की समीक्षा करते हुए अधिकारियो को निर्देश दिए कि भवन अनुज्ञा हेतु प्राप्त आवेदनों के दस्तावेज परीक्षण आदि की कार्यवाही समयसीमा के अंदर पूरी की जाए, यदि कोई समस्या है या दस्तावेज अधूरे हैं, तो उनका तत्काल निराकरण कराया जाए। उन्होने कहा कि यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें कि निर्धारित समयसीमा के अंदर भवन अनुज्ञा के प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर दिया जाए।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के राजस्व वसूली कार्यो की कार्यप्रगति की जोनवार समीक्षा की, उन्होने राजस्व वसूली में और अधिक तेजी लाकर 31 मार्च से पूर्व निर्धारित किए गए लक्ष्य को प्राप्त करने तथा इस हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने निगम द्वारा संचालित शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा की तथा हितग्राहियों को समय पर पेंशन का लाभ प्राप्त हो, इस संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। आयुक्त ने कलेक्टर टी.एल. व कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनचौपाल, पी. जी. एन. प्रकरण, निगम टी.एल., लोक सेवा गारंटी, शासन से प्राप्त पत्रों सहित अन्य समय-सीमा के प्रकरणों के निराकरण की बिन्दुवार समीक्षा की तथा प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयसीमा के अंदर सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।




### कार्यालय नगर पालिक निगम,अंबिकापुर सरगुजा (छ0ग0)

क्रमांक / 83/ज.प्र.शा./न.पा.नि./2023 अंबिकापुर,दिनांक 21/03/2023

-निविदा आमंत्रण सूचना-

नगर पालिक निगम,अम्बिकापुर द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न एसएलआरएम सेन्टरों,शासकीय भवनों एवं अन्य स्थानों में जल व्यवस्था हेतु संधारण/मरम्मत सामग्री क्रय हेतु राशि रूपये 4.00 लाख की निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा सम्बन्धी अन्य विस्तृत विवरण तथा शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समयावधी में जल प्रदाय शाखा में एवं निगम के वेबसाईट www.urbanecg.gov.in पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर



### आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी

सुविधाएँ : • पर्सनल लोन • बिजनेस लोन • प्रॉपर्टी लोन • होम लोन • जीवन बीमा • स्वास्थ्य बीमा • गाड़ी फाइनेंस • बैंकिंग ग्राहक सेवा केन्द्र

निःशुल्क फ्रेंचाइजी लेकर काम करने इच्छुक व्यक्ति भी संपर्क कर सकते हैं.

प्रमुख बैंकों व कई फाइनेंस कंपनियों द्वारा अधिकृत
आधार फाइनेंशियल कंसलटेन्सी
गुदरी गली, सेन्ट्रल बैंक के सामने अम्बिकापुर
मो.: 9993567065, 6232267065, 9754461011

Advt.B.19.3.23



### न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2, जिला-सरगुजा,छ.ग.

रा0प्र0क्र0-202303021700088 /अ-21/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चम्पी देवी जायसवाल पति सुरेश जायसवाल, निवासी ग्राम कल्याणपुर, तहसील लटोरी, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम सरगवां स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 382/12 रकबा 0.017 हे0 भूमि अपनी पुत्री अनावेदिका आशा जायसवाल पति शशिकांत जायसवाल, पुत्री सुरेश जायसवाल, निवासी हाई स्कूल के पास ठनगनपारा,अम्बिकापुर,तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) को दान पत्र के माध्यम से हस्तांतरित करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था कों कोई आपत्ति हो तो पेशी विनांक 12/04/2023 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-02



### कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा0)
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल,मनेन्द्रगढ़,छ0ग0

//नीलाम विज्ञापन//

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में दिनांक 29-03-2023 को ईमारती काष्ठ जलाउ चट्टों का अधोलिखित वितरण के अनुसार प्रातः9:00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि ये नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है।

क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली बोलने के पूर्व प्रत्येक लॉट का भली-भाति निरीक्षण कर लेवे तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगाये। नीलाम के समय घोषित यात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी।

| क्र0 | प्रजाति | नये काष्ठ | | पुराने काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठ घ.मी. | बल्ली नग | लट्ठ घ.मी. | बल्ली नग |
| 1 | सागौन | 60.500 | 300 | 50.491 | 1676 |
| 2 | साल | 300.000 | 0 | 335.180 | 379 |
| 3 | साजा | 2.500 | 0 | 1.226 | 0 |
| 4 | धावड़ा | 3.500 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | सतकठा | 0 | 0 | 0 | 38 |
| योगः- | | 366.000 | 300 | 386.897 | 2093 |
| आर.टी.एल.काष्ठ | | 1200.000 cmt | | 292.433 cmt | |
| जलाऊ मिश्रित | | 500 चट्टा नया | | - | |

टीपः- 1. ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 9.00 बजे प्रातः मे की जायेगी तत्पश्चात जलाऊ चट्टों की नीलामी की जावेगी।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे।
3. समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन एवं छ0ग0 राज्य के किसी वनमण्डल का वर्ष 2022 के व्यापारी का रजिस्ट्रशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. कृपया क्रेता ईमारती एवं जलाऊ का ई0एम0डी0 राशि का अलग-अलग चेक देवें।

जी.नं.-99516/3

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल,मनेन्द्रगढ़



### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0-20230302200027/ अ-6/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती लालमुनी सोनी पति स्व0 भरत प्रसाद सोनी, श्रीमती प्रीती सोनी पति संतोष सोनी आ0 भरत प्रसाद सोनी, निवासी- बौरीपारा, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0, ने आवेदन प्रस्तुत कर कथन किया कि आवेदिका क्रमांक 01 के पति तथा आवेदिका क्रमांक 02 एवं अनावेदकगण के पिता भरत प्रसाद सोनी आ0 स्व0 स्वामीनाथ सोनी, के स्वामित्व व हक की शीट नम्बर - 03, मोहल्ला- मायापुर, नगर अम्बिकापुर, स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 1589/2 रकबा 0.14 एकड़ भूमि है। खातेदार भरत प्रसाद सोनी आ0 स्व0 स्वामीनाथ सोनी की मृत्यु दिनांक 01.05,2022 को हो चुकी है। आवेदकगण भरत प्रसाद सोनी आ0 स्व0 स्वामीनाथ सोनी के वैध वारिस है। अतः भूधारक के वैध वारिस होने के कारण खातेदार के रूप आवेदकगण एवं अनावेदिकागण का फौती नामान्तरण दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-10/04/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-10/03/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर,सरगुजा छ0ग0



### न्यायालय तहसीलदार उदयपुर जिला-सरगुजा छ0ग0

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0 202303020400036 /अ-21/2022-23

ग्राम - भकुरमा प0ह0नं0 21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बकल राम आ0मोहन,जाति मझवार निवासी ग्राम-भकुरमा द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताये है कि ग्राम-भकुरमा तहसील उदयपुर में एकल खाता में भूमि कुल ख0न0 7 कुल रकबा 1.209 हे0 भूमि स्थित है। उक्त भूमि में से ख0न0 44,/2 रकबा 0.404 हे0 भूमि को अनावेदिका फूलमनी पति सुनील लकड़ा, जाति उरांव निवासी ग्राम भकुरमा को राशि रू0 1,50,000.00 (एक लाख पचास हजार रूपये) में विक्रय किये जाने का सौदा तय किया गया है। जिसमें से रू. 1,00,000.00 (एक लाख रूपये ) नगद आवेदक द्वारा अग्रिम प्राप्त कर लिया है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का विक्रय का कारण अपने भतीजी के विवाह के लिये कर्ज को चुकता करने एवं स्वयं के लिए मकान बनाने के लिये रूपये की आवश्यकता होना बताया है। आवेदक द्वारा विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन मय बी-1, खसरा, बंदोबस्त अभिलेख की प्रतिलिपि सहित अनुविभागीय अधिकारी(रा0), उदयपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति,/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी तिथि 29/03/2023 के पूर्व इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर, सकते हैं। नियत तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा / आपत्ति प्राप्त होने पर विचार नही किया जावे।

आज दिनांक 10/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा द्वारा जारी।

सील — तहसीलदार, उदयपुर,सरगुजा

# क्या रैंडी ऑर्टन डब्ल्यूडब्ल्यूई रैसल मेनिया 39 में अपनी वापसी करेंगे ?

**वाशिंगटन , 23 मार्च 2023।** रैसलमेनिया 39 एक हफ्ते में होने वाला है, लॉकर रूम से एक प्रमुख चेहरा अभी भी कार्रवाई से गायब है। जबकि उनमें से सबसे भव्य मंच पर वापसी एक प्रतिष्ठित क्षण उत्पन्न कर सकती है, सवाल यह है कि क्या इस साल रैंडी ऑर्टन उस पल के वाहक होंगे?डब्ल्यूडब्ल्यूई यूनिवर्स लगातार इस बारे में पूछताछ कर रहा है और अब एक ठोस जवाब सामने आया है।

क्या रैसलमेनिया 39 में वापसी करेंगे रैंडी ऑर्टन? इसका उत्तर है, हां (शायद)। हालांकि, क्या वह अपने फाइट गियर में लौटेगा? नहीं!। यह कैसे संभव है? ऐसे।

रैंडी ऑर्टन को आखिरी बार 4-तरफा रिंग में आए हुए लगभग एक साल हो गया है। वाइपर घायल हो गया है और आखिरी बार यह बताया गया था कि वह पीठ की चोट से उबर रहा है। मल्टी-टाइम चैंपियन ने रिकवरी








प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सर्जरी करवाई और नवीनतम विकास के अनुसार, वह अभी भी प्रचलित रेसलमेनिया सीज़न के दौरान बाहर रहेंगे। लेकिन डब्ल्यूडब्ल्यूई एलीट के मुताबिक, ऑर्टन रैसलमेनिया वीकेंड पर एक फाइटर के तौर पर नहीं बल्कि एक दर्शक के तौर पर मौजूद रहेंगे। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि आरकेओ के मास्टर टीवी पर आएंगे या नहीं।

इस प्रकार, अभी तक रैंडी ऑर्टन के बारे में यही शब्द है। प्रशंसक मुझे अपने सिर में आवाजें सुनाई देती हैं पर एक पॉप देना चाहते हैं, लेकिन इस रेसलमेनिया में ऐसा होने की संभावना नहीं है। इसके अलावा, पहेली के साथ - जिसके साथ रैंडी ऑर्टन ने एक टैग टीम बनाई - दृश्य में भी नहीं, रैंडी ऑर्टन के लिए कोई कहानी नहीं है।

### डब्ल्यूडब्ल्यूई में अगला रैंडी ऑर्टन का सामना किससे हो सकता है ?

जबकि वह इस मोड़ पर बाहर है, रैंडी ऑर्टन अंततः अपनी डब्ल्यूडब्ल्यूई वापसी करेंगे। इसलिए, भविष्य में क्या हो सकता है, इसका अनुमान लगाने के लिए, रैंडी ऑर्टन के लिए संभावित विरोधियों पर विचार करें। इस समय 4 लेते हैं।




## ओज़िल ने फुटबॉल को अलविदा कहा

**इस्तांबुल , 23 मार्च 2023।** जर्मनी की विश्व कप जीतने वाली टीम के मिडफील्डर मेसुत ओजिल ने 34 साल की उम्र में फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की।

ओजिल ने इंस्टाग्राम पर जारी बयान में कहा, मुझे लगभग 17 वर्षों से एक पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी होने का सौभाग्य मिला है और मैं इस अवसर के लिये अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं। हाल के दिनों में, मुझे कुछ चोटें लगी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि अब फुटबॉल के बड़े मंच को छोड़ने का समय आ गया है। रियल मैड्रिड, आर्सेनल और जर्मनी के लिये खेलने वाले ओज़िल ने अपने करियर के 645 मैचों में कुल 114 गोल और 222 असिस्ट किये। उन्होंने कहा, यह अविस्मरणीय पलों और भावनाओं से भरी एक अद्भुत यात्रा रही है। मैं अपने क्लब इस्तांबुल शाल्के 04, वेर्डर ब्रेमेन, रियल मैड्रिड, आर्सेनल एफसी, फेनरबाश, बासकसीर, साथ ही सभी टीम के साथी और कोचों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे समर्थन दिया। अब मैं अपनी खूबसूरत पत्नी अमीन और अपनी दो खूबसूरत बेटियों के साथ आगे की जिंदगी बिताना चाहता हूं।

## इकाना में पसीना बहा रही है लखनऊ सुपरजाइंट्स

**लखनऊ , 23 मार्च 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने के इरादे से लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाड़ी अपने घरेलू मैदान अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में जम कर अभ्यास कर रहे हैं।

मुख्य कोच एंडी फ्लावर,सहायक कोच विजय दहिया और फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स के साथ टीम के खिलाड़ियों ने निर्धारित अभ्यास सत्र में फिटनेस के साथ बैटिंग, बॉलिंग व फील्डिंग का अभ्यास किया। सबसे पहले मनन वोहरा व आयुष बडोनी ने बैटिंग का अभ्यास किया। दोनों ही बल्लेबाजों ने जमकर चौके छक्के लगाए और 30 बार से ज्यादा गेंद को बाउंड्री लाइन के बाहर भेजा।



इस पर कोच ने उनकी हौसलाफजाई की। इसके बाद स्वप्निल व क्रुणाल पांड्या ने भी बैटिंग का अभ्यास किया और जमकर छक्के लगाए। प्रेरक मांकड़, दीपक हुडा समेत अन्य बैट्समैन ने भी अपनी प्रतिभा से मन मोह लिया। वहीं कुणाल पांड्या, आवेश खान, युद्धवीर सिंह, यश ठाकुर, रवि आदि ने बेहतरीन गेंदबाजी का अभ्यास किया। जोंटी रोड्स ने नेट पर दीपक हुडा को प्रशिक्षण दिया तो मैदान पर क्रुणाल पांड्या को अभ्यास कराया।

लखनऊ सुपरजाइंट्स अपना पहला मैच एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध खेलेगी।

## मुंबई इंडियंस ने अमेरिकी टी 20 लीग में टीम खरीदी

**मुंबई,23 मार्च 2023।** मुंबई इंडियंस ने अमेरिका में इस साल से होने वाले टी20 टूर्नामेंट 'मेजर लीग' में न्यूयॉर्क फ्रेंचाइजी के मालिकाना अधिकार हासिल किये हैं।एमआई ने विज्ञप्ति में बताया कि फ्रेंचाइजी का नाम 'न्यूयॉर्क एमआई' रखा गया है। छह टीमों के इस टूर्नामेंट में एमआई के अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) भी हिस्सा ले रही हैं। केकेआर ने लॉस एंजिलिस, सीएसके ने डालास और कैपिटल्स ने सिएटल ओरकास की टीमों के मालिकाना अधिकार हासिल किये हैं। टी20 लीग में दो अन्य टीमें वाशिंगटन डीसी और सैन फ्रांसिस्को की होंगी। इस खरीद के साथ एमआई के पास चार देशों में कुल पांच टी20 टीमें हो गयी हैं।



फ्रेंचाइजी के पास इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस, साउथ अफ्रीका टी20 लीग में एमआई केपटाउन और दुबई टी20 लीग में एमआई अमीरात के मालिकाना अधिकार हैं।

मेजर लीग में न्यूयॉर्क की टीम को खरीदने पर नीता अंबानी ने कहा, हम अपनी नयी टीम का स्वागत करने के लिये रोमांचित हैं। अमेरिका में पहली क्रिकेट लीग में प्रवेश के साथ ही, एमआई परिवार लगातार बढ़ रहा है। हम मुंबई इंडियंस को निडर और मनोरंजक क्रिकेट के वैश्विक ब्रांड के तौर पर स्थापित करने में सक्षम होने की आशा करते हैं। यह एमआई के लिये एक और नयी शुरुआत है। हम आगे के रोमांचक सफर का इंतजार कर रहे हैं।



## सिंधू,प्रणय टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**बासेल,23 मार्च 2023।** भारत के स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू और एचएस प्रणय ने यहां महिला और पुरुष एकल में अपने-अपने मैच जीतकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने पुरुष एकल के पहले दौर में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट चीन के शि यू क्यूई से दूसरा गेम गंवाने के बावजूद 21-17 19-21 21-17 से जीत दर्ज की। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता और यहां चौथी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर में स्विट्जरलैंड की जेनजीरा स्टैडेलमैन को एकतरफा मुकाबले में 21-9 21-16 से हराकर अपने खिताब की रक्षा के लिए शानदार शुरुआत की। प्रणय का अगला मुकाबला फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से होगा, जबकि सिंधू का सामना इंडोनेशिया की 20 वर्षीय पुत्री कुसुमा वारदानी से होगा, जो 2022 एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं।




## भोला शंकर की रिलीज डेट का ऐलान

गॉडफादर और वाल्टेयर वीरय्या जैसी सुपरहिट फिल्मों के बाद अब मेगास्टार चिरंजीवी की अगली फिल्म भोला शंकर का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. पहली बार मेहर रमेश के साथ चिरंजीवी ने फिल्म के लिए सहयोग किया है. ये एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म है जिसमें अभिनेता का दमदार रोल देखने को मिलेगा. फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है. मेकर्स ने उगादी पर्व यानी गुड़ी पड़वा के इस खास मौके पर भोला शंकर के रिलीज डेट की घोषणा की है.

चिरंजीवी की फिल्म भोला शंकर 11 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म बंपर ओपनिंग कर सकती है ऐसी चर्चा जोर-शोर से हो रही है. रिलीज के बाद 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी का फिल्म को फायदा मिल सकता है. वहीं 22 अगस्त को चिरंजीवी का जन्मदिन भी है जो उनके फैंस के लिए किसी बड़े त्योहार से कम नहीं है. ऐसे में फिल्म के शानदार कमाई की पूरी उम्मीद की जा रही है.

फिल्म के निर्माताओं ने भोला शंकर की रिलीज डेट के साथ इसका शानदार पोस्टर भी आउट किया है. फिल्म में चिरंजीवी के अलावा कीर्ति सुरेश और तमन्ना भाटिया भी नजर आएंगी. कीर्ति सुरेश फिल्म में अभिनेता की बहन का किरदार निभाती नजर आएंगी.

## कैमरे के सामने निक्की तंबोली ने दिए ऐसे-ऐसे पोज कि....



बिग बॉस 14 की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली आए दिन अपनी बोल्डनेस का जादू फैंस के बीच बिखेरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस उन पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। इन दिनों निक्की का लेटेस्ट फोटोशूट इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस आए दिन इंस्टा पर अपने हुस्न से आग लगाती रहती हैं। सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी पोस्ट के जरिए सबका ध्यान खींचने वाली एक्ट्रेस निक्की तंबोली इन दिनों अपनी हॉटनेस से फैंस को दीवाना बना रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल हो जाती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लू कलर की शॉर्ट बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है। अपने इस आउटफिट में एक्ट्रेस निक्की तंबोली बेहद ही हॉट और सिजलिंग नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली ने महज 26 साल की उम्र में काफी लोगों को अपना दीवाना बना रखा है। निक्की तंबोली जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनपर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। वहीं कुछ उन्हें ट्रोल भी करना शुरू कर देते हैं।

## हेरा फेरी 3 में संजय दत्त निभाएंगे नेत्रहीन डॉन की भूमिका

अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी की फिल्म हेरा फेरी 3 को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. इसकी स्टारकास्ट से संजय दत्त भी जुड़ चुके हैं. कुछ दिनों पहले संजय दत्त ने कंफर्म किया कि वह हेरा फेरी 3 का हिस्सा हैं. अब संजय दत्त ने फिल्म में अपने रोल को लेकर खुलासा किया है. उन्होंने बताया कि मूवी में उनका क्या किरदार होगा.संजय दत्त से पूछा गया कि क्या आप हेरा फेरी 3 में अंधे डॉन का रोल निभा रहे हैं? तो इसके जवाब में उन्होंने हां कहा. उन्होंने बताया कि एक बार एक्टर्स की डेट्स कंफर्म हो जाए तो फिल्म की टीम इस साल शूटिंग शुरू कर देगी.




इससे पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संजय दत्त ने फिल्म हेरा फेरी 3 में काम करने की खबर पर मुहर लगाया था. उन्होंने कहा, हां, मैं फिल्म कर रहा हूं. पूरी टीम के साथ शूटिंग करना एक्साइटिंग होगा. यह एक बेहतरीन फ्रेंचाइजी है और मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं. फिरोज और मेरा रिश्ता भी बहुत पुराना है. मालूम हो कि फिल्म हेरा फेरी 3 को फिरोज नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं. हेरा फेरी 3 का निर्देशन फरहाद सामजी करे हैं. देश के अलावा इस फिल्म की शूटिंग लॉस एंजिल्स, अबु धाबी और दुबई में होगी.



## काइल कोएत्जर ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली ,23 मार्च 2023।** स्कॉटलैंड के धाकड़ बल्लेबाज और पूर्व कप्तान काइल कोएत्जर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। कोएत्जर ने अपने करियर में कुल 159 मुकाबले खेले और इस दौरान उन्होंने 4,687 रन कूटे। कोएत्जर स्कॉटलैंड की ओर से वर्ल्ड कप में शतक जमाने वाले पहले बल्लेबाज रहे। इसके साथ ही उनकी अगुवाई में टीम ने कई यादगार मैचों में जीत दर्ज की।

कोएत्जर ने तीनों फॉर्मेट को मिलाकर अपने करियर में पांच सेंचुरी और 27 फिफ्टी जमाई। उन्होंने स्कॉटलैंड की 86 मैचों में कप्तानी की और टीम को 46 मुकाबलों में जीत का स्वाद भी चखाया। उनकी अगुवाई में टीम ने इतिहास रचते हुए साल 2021 में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर 12 स्टेज में भी क्वालीफाई किया। उन्होंने अपने करियर का अंत पिछले महीने खेले गए क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग टू ट्रॉफी को जीतकर किया।

### आईसीसी से मिला था पूर्व कप्तान को खास सम्मान

कोएत्जर को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी ने उन्हें दशक के बेस्ट क्रिकेटर अवॉर्ड से भी नवाजा। कोएत्जर ने मई 2022 को स्कॉटलैंड की कप्तानी छोड़ने का ऐलान कर दिया था। वनडे क्रिकेट में कोएत्जर स्कॉटलैंड की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

नए रोल में नजर आएंगे कोएत्जर कोएत्जर इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद अब नए रोल में नजर आएंगे। वह द हंड्रेड टूर्नामेंट में नॉर्दन डायमंड्स की विमेंस टीम के सहायक कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। कोएत्जर की कप्तानी में स्कॉटलैंड ने साल 2018 में इंग्लैंड को उसके घर में धूल चटाई थी।













CMYK

# खालिस्तान समर्थक रैली पर सदन गरमाया

» विपक्ष ने पूछा- रायपुर में जुलूस कैसा निकला?

» बैठक कर एकजुट कैसे हुए,पुलिस को पता नही था क्या?

रायपुर,23 मार्च 2023(ए)। खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल के समर्थन में राजधानी में निकली रैली का मुद्दा आज सदन में भी गरमाया। शून्यकाल में धर्मजीत सिंह ने मुद्दे को उठाते हुए कहा कि रायपुर में खालिस्तान के समर्थन में रैली निकल रही है। अपराध को काबू नही कर पा रही है सरकार। अजय चंद्राकर ने करा कि छत्तीसगढ़ के लिए अलार्मिंग समय है। यहां खालिस्तान के समर्थन में रैली निकाले जा रहे हैं। वहीं धरमलाल कौशिक सरकार के सभी तंत्र आज फेल हो गए है, किसी सोर्स को नहीं पता की खालिस्तानी के समर्थन में रैली निकाली जा रही है। वहीं बृजमोहन अग्रवाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने इस मामले पर संज्ञान नहीं लिया।

जवाब में संसदीय कार्य मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि सरकार ने बैठक ली है निर्देश भी दिए हैं। जवाब पर सदन में हंगामा शुरू हो गया। दोनों पक्षों के बीच नोंकझोंक के बीच विपक्ष ने सरकार के इंटेलिजेंस पर सवाल खड़े किये। संसदीय कार्य मंत्री रविंद्र चौबे, लंदन में दूतावास के सामने प्रदर्शन हो रहा, तो कौन दोषी है, सुरक्षित नहीं है। देशद्रोही खालिस्तानी के समर्थन रायपुर में रैली निकालते हैं। कोई पूछने तक नहीं आता, कोई




जवाब में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, लंदन और वहां की सरकार दोषी है। मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि देश विरोधी गतिविधियों में कोई भी संलग्न रहे, इस पर कार्रवाई होगी। ऐसी गतिविधि में संलग्न किसी व्यक्ति को छग में सर उठाने नही दिया जायेगा। इस मामले में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से चर्चा की है इसकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। विपक्ष बार बार इस मामले में मुख्यमंत्री से वक्तव्य की मांग कर रहा था।

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि अपराधियों का पनाहगाह छत्तीसगढ़ बन गया है। यहां के लोग सुरक्षित नहीं है, यहां का आवाम रोकता तक नहीं। पुलिस प्रशासन मौन है। रायपुर में जुलूस कैसा निकला? बैठक कर एक जुट कैसे हो गए, पुलिस को पता नही था क्या? कुछ दिन पहले पंजाब में खालिस्तानी एक अपराधी को थाने से छुड़ाकर ले गए थे। आप लोगो को नही पता क्या?

इधर आसंदी ने बीजेपी के स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया, जिसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। बीजेपी ने सदन में नारेबाजी की, मुख्यमंत्री से वक्तव्य की मांग की गयी। मांग पूरी नहीं होते देख सत्तापक्ष के सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।

## कांग्रेस को एक मिनट सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं :बृजमोहन अग्रवाल

पंजाब के भगोड़े खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह के समर्थन में रायपुर के सड़कों पर उतर कर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थन के नारे लगाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने सरकार से की है। उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि जिस सरकार के राज में लोग जुलूस निकालकर देश विरोधी नारे लगाते हैं ऐसी सरकार को 1 मिनट भी सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है। साथ ही उन्होंने इस मुद्दे पर राष्ट्रविरोधी तत्वों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए दोषी पुलिस अफसरों को निलंबित करने की भी मांग की है। बृजमोहन ने कहा कि ऐसा लगता है कि छत्तीसगढ़ अब देश विरोधी लोगों की शरणस्थली बन गया है। कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद जर्जर हो गई है। चार-पांच सौ लोग सड़कों पर आकर भारत की संप्रभुता को चुनौती दे रहे हैं, देश विरोधी नारे लगा रहे हैं देश को टुकड़े करने की बात कह रहे हैं और सरकार को कोई सूचना नहीं है। यह घटना राजधानी की पुलिस सूचना तंत्र पर सवालिया निशान खड़े करता है।



उन्होंने कहा कि राज्य में नक्सलवादी गतिविधियां वैसे ही बढ़ी हुई है। रोहिंग्या भी यहां आकर बस रहे हैं। रोजाना अपराध बढ़ रहे हैं। कांग्रेस के राज में ऐसा कोई अपराध नहीं है जो छत्तीसगढ़ में ना हो रहा हो। अपराधी यहां बेखौफ है। यही वजह है कि पंजाब के बाद छत्तीसगढ़ दूसरा ऐसा प्रदेश है जहां सड़कों पर जुलूस निकालकर खालिस्तान समर्थक नारे और देश विरोधी नारे लगाए गए है। दुखद बात यह भी है कि सरकार ने अब तक उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं।

बृजमोहन ने कहा कि विधानसभा में हमने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से चाहा कि वे इस विषय पर सदन में जवाब दे परंतु उन्होंने दो लाइने हम कार्रवाई करेंगे कह कर अपनी बात समाप्त कर दी। उनके इस बात पर भाजपा सदस्यों ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विधानसभा में इसके खिलाफ प्रस्ताव पारित होना चाहिए। यह एक अच्छी पहल है की छत्तीसगढ़ की विधानसभा राष्ट विरोधी तत्वों के खिलाफ प्रस्ताव पारित करेगी।

## स्कूलों में 100 करोड़ से अधिक घोटाले का हुआ खुलासा

रायपुर,23 मार्च 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में ठेका पद्धति का शासन इसलिए यहां अपराध का अभ्यारण बना. इस बार यह जनता का बजट ना होकर कांग्रेस का बजट है. ये पानी में बहाने वाला बजट है. यह बात भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक 2023 पर चर्चा में कही.

21 मार्च को सदन में विनियोग विधेयक पेश किया गया था. 1.21 लाख करोड़ के बजट को खर्च करने का अधिकार लेने विनियोग विधेयक पारित कराने सदन में चर्चा हो रही है. अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस राज में एजाज



(चमत्कार) हो रहा है. राजीव मितान क्लब की पंजीयन की नियम-शर्तें क्या हैं? विधानसभा में कभी खेलमंत्री या मुख्यमंत्री ने चर्चा नहीं की है. खेलो इंडिया में 21 खिलाड़ियों का दल गया था, उन्हें 1 रुपए का सहयोग नहीं दिया गया. 175 करोड़ का खेल के लिए बजट लाया गया.

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में 1 लाख 7 हजार 553 पद रिक्त हैं, उसके लिए जिम्मेदारी कौन लेगा? सरकार की प्राथमिकता में शिक्षा नहीं है. स्कूलों में खरीदी के मामले पर 100 करोड़ से अधिक के घोटाला किया गया है. स्वास्थ्य सेवा की प्राथमिकता में राजनीति हो रही.

## चंदेल बोले छत्तीसगढ़ की जमीन कोयला और पानी की लूट हो रही

» विधानसभा में उठा सीएसआर का मुद्दा

रायपुर,23 मार्च 2023(ए)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में आज प्रश्नकाल में प्रतिपक्ष ने सीएसआर मद के दुरुपयोग का मुद्दा उठाकर सत्ता पक्ष को जमकर घेरा। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि यहां की जमीन कोयला और पानी सब कुछ लूटा जाता है। उन्होंने सीएसआर का राजनीतिकरण करने का आरोप भी लगाया। इस मुद्दे पर तीखी बहस के बाद सत्ता पक्ष के जवाब से असंतुष्ट भाजपा सदस्यों ने बहिर्गमन कर दिया।

आज सत्र की शुरुआत में दिवंगत विधायक नीलिमा सिंह टेकाम को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्रवाई 10 मिनट के लिए स्थगित हुई। कार्यवाही पुनः आरंभ होने पर नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने पूछा कि कोरबा, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा में वर्ष 2021- 22 वर्ष 2022-23 से लेकर 15 फरवरी 2023 तक किन-किन औद्योगिक संस्थानों से कितनी राशि सीएसआर से प्राप्त हुई? राज्य की



जमीन पर उद्योग लगते हैं, राज्य के संसाधनों का उपयोग होता है लेकिन सीएसआर के फंड के उपयोग के लिए कोई नीति नहीं है। मापदंड के अनुरूप कितनी राशि प्राप्त होनी थी और कितनी राशि प्राप्त हुई?

नेता प्रतिपक्ष के सवाल के जवाब में मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि जिन कंपनियों ने सीएसआर के तहत राशि नहीं दी है, उन्हें राशि देनी है। जो कंपनियां देरी करती हैं, उन पर कार्यवाही करने का भी नियम है। इस पर नारायण चंदेल ने कहा कि ओडिशा राज्य ने सीएसआर फंड के उपयोग के लिए स्पष्ट नीति बनाई है लेकिन छत्तीसगढ़ में ऐसी कोई नीति नहीं है। तब मोहम्मद अकबर ने कहा कि ओडिशा की नीति मंगा कर अध्ययन कर लिया जाएगा। इस दौरान भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर ने कहा कि पैसा देने के लिए जब कंपनियां बाध्य हैं, ऐसी स्थिति में जो कंपनियां सीएसआर फंड जमा नहीं करती हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी किसकी है? इस पर मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि कंपनी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाती है। कंपनी के खिलाफ केंद्र के एक्ट के तहत ही कार्रवाई हो सकती है।

## विधानसभा में आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने शराब दुकानों को लेकर दी ये बड़ी जानकारी

शराबबंदी पर सामने आई ये बात

रायपुर,23मार्च2023(ए)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज गुरूवार को सदन की कार्यवाही के दौरान शराब दुकानों का मुद्दा उठा। आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने जानकारी देते हुए बताया कि 2019-20 से 2022-23 (28 फरवरी) तक तीन देसी और 27 प्रीमियम शराब दुकानें खोली गई हैं। मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ में शराबबंदी के लिए गठित समितियों की समय अवधि तय नहीं है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर यथेष्ठ निर्णय लिया जाएगा। विधायक अजय चंद्राकर ने अपने लिखित प्रश्न में 2019-20 से 2022-23 तक संचालित देसी, विदेशी व प्रीमियम शॉप की संख्या, नई दुकानों की संख्या, शराब की खपत और राजस्व की जानकारी मांगी थी। आबकारी मंत्री ने बताया कि इस दौरान तीन देसी दुकानें, एक अंग्रेजी दुकान और 27 प्रीमियम शराब दुकानें खोली गईं। 2019-20 में 36 देसी, 14 अंग्रेजी और एक प्रीमियम दुकान बंद की गई। 2020-21 में एक भी दुकान बंद नहीं की गई। 2021-22 में एक देसी दुकान बंद की गई। वहीं, 2022-23 में एक भी दुकान बंद नहीं की गई है।

आबकारी मंत्री ने बताया कि 2019-20 में शराब से 4952.79 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ। इस दौरान 3335.60 देसी और 3126.68 करोड़ की अंग्रेजी शराब की बिक्री हुई। 2020-21 में 4636.90 करोड़



का राजस्व प्राप्त हुआ। इस दौरान 2888.78 करोड़ देसी और 3007.21 करोड़ अंग्रेजी शराब बिकी। 2021-22 में 5110.15 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ। इस दौरान 2795.97 करोड़ देसी और 3496.42 करोड़ अंग्रेजी शराब बिकी। इसी तरह चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में (28 फरवरी तक) 6135.56 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ है। इस दौरान 3662.74 करोड़ की देसी और 4277.30 करोड़ की अंग्रेजी शराब बिकी है।

चंद्राकर ने अपने लिखित सवाल में पूछा कि शराबबंदी समिति का गठन कब और कितनी समयावधि के लिए किया गया है? कितनी बार इसकी अवधि में वृद्धि की गई है? 31 जनवरी 2023 तक कितनी बैठकें व अन्य राज्यों का दौरा किया गया? इससे क्या निष्कर्ष/परिणाम प्राप्त हुए हैं। शराबबंदी कब तक कर दी जाएगी? इसके लिखित जवाब में मंत्री ने बताया कि मंत्रि-परिषद के आदेश दिनांक एक जनवरी 2019 के अनुपालन में शराबबंदी समितियों का गठन किया गया है। उक्त समितियों की समयावधि निश्चित नहीं है। 31 जनवरी 2023 तक उक्त समितियों की कुल 6 बैठकें संपन्न हुई है। उक्त अवधि में राजनैतिक समिति द्वारा गुजरात राज्य का अध्ययन भ्रमण किया गया है। समितियों द्वारा अन्य शेष राज्यों की आबकारी नीति का समग्र रूप से अध्ययन उपरांत राज्य शासन को अपनी रिपोर्ट/अनुशंसा प्रस्तुत की जाएगी। तद्नुसार शराबबंदी के संबंध में राज्य शासन द्वारा यथेष्ठ निर्णय लिया जा सकेगा।

## युवाओं को ऑनलाइन करना होगा आवेदन

» सीधे बैंक खाते में आयेगा पैसा

रायपुर,23 मार्च2023(ए)। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारों को 1 अप्रैल से बेरोजगारी भत्ता सरकार देगी। राज्य सरकार ने इसकी तैयारी कर ली है। प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला ने इसे लेकर सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर दिशा निर्देश दिया है। आलोक शुक्ला ने ने सभी कलेक्टरों को भेजे पत्र में कलेक्टर को आवेदन, सत्यापन और भुगतान को लेकर स्पष्ट निर्देश दिये हैं। पत्र के मुताबिक बेरोजगारी भत्ता के लिए ऑनलाइन आवेदन ही युवाओं को करना होगा। आवेदन का सत्यापन भी ऑनलाइन ही होगा। राज्य सरकार बेरोजगारी भत्ता के लिए एक वेबपोर्टल तैयार कर रही है। जिसमें युवाओं को आवेदन करना होगा।




पोर्टल का उपयोग कैसे किया जायेगा, आवेदन कैसे भरा जायेगा, इसे लेकर ट्रेनिंग अगले सप्ताह शुरू हो जायेगा। आनलाइन आवेदन के बाद युवाओं को भौतिक सत्यापन के लिए बुलाया जायेगा। जिसमें वार्ड, शहर और ग्रामीण स्तर पर क्लस्टर बनाया जायेगा। क्लस्टर में ज्यादा भीड़ युवाओं की ना आये, उसे लेकर व्यवस्था के निर्देश कलेक्टर को दिये गये हैं।

अगर आवदेन का सत्यापन हो जाता है, तो भत्ता की स्वीकृति जनपद पंचायत सीईओ व नगर निगम कमिश्नर की तरफ से दी जायेगी। बेरोजगारी भत्ता आवेदक के सीधे खाते में डीबीटी के माध्यम से आयेंगे।




## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का प्रमोशन और तबादले

रायपुर,23मार्च2023(ए)। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा अधिकारियों का प्रमोशन हुआ है। इसके अलावा कई अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। जिनमें उन्हें प्रमोशन देकर दूसरे जिले का स्वास्थ्य और परिवार कल्याण अधिकारी बना कर भेजा गया है।

इस आदेश के अनुसार डॉ रमेश कुमार त्रिपाठी को बलरामपुर से जिला एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण अधिकारी रायपुर नियुक्त किया गया है। डॉ धीराजी राम ठाकुर को सिविल अस्पताल नगरी से जिला एवं परिवार स्वास्थ्य अधिकारी बनाकर बस्तर भेजा गया।

वहीं डॉ.रंजना गुप्ता को चारामा कांकेर से जिला एवं परिवार कल्याण अधिकारी बिलासपुर बनाया गया है। इसी तरह कई अन्य अधिकारियों को प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी नियुक्त किया गया है।

## नगर पालिका सीएमओ सस्पेंड

» अपने दो बेटों को अवैध तरीके से रखा था नौकरी पर

रायपुर,23 मार्च2023(ए)। राजधानी रायपुर के तिल्दा नगरपालिका के मुख्यकार्यपालन अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले से नगरीय प्रशासन विभाग में हड़कंप हैं।



बताया जा तरह हैं की नपाप के सीएमओ पर अपने दो बेटों को अनियमितता बरतते हुए अवैध तरीके से नौकरी पर रखा गया था। सीएमओ द्वारा इसके लिए प्रक्रिया को दरकिनार कर दिया गया था जिसका विरोध भी हुआ था। सीएमओ के मनमानी से नाराज भाजपा पार्षद ने इस पूरे मामले की शिकायत विभागीय मंत्री और उच्चाधिआरियों से की थी। पार्षद के इन्ही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए नगरीय प्रशासन विभाग ने उन्हें निलंबित कर दिया हैं।

बताया गया हैं की इस शिकायत के अलावा सीएमओ पर निविदा प्रक्रिया में भी अनियमितता बरतने के आरोप लगे थे। बहरहाल निलंबन के इस आदेश के बाद तिल्दा नपाप के मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कार्यभार धरसीवा कुरा नगर पंचायत सीएमओ को अस्थाई तौर पर सौंपा गया हैं।

## मुख्यमंत्री ने भगत सिंह,राजगुरू और सुखदेव के शहादत दिवस पर उन्हें किया नमन



रायपुर,23 मार्च 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरुवार को अपने निवास कार्यालय में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के शहादत दिवस पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि आजादी के इन महानायकों ने मातृभूमि के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने अपने बलिदान से देशवासियों में आजादी की भावना को और अधिक प्रबल किया । भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव भारत माता के सच्चे सपूत थे, जिनका बलिदान युवाओं को देश के लिए सर्वस्व समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा।

## नक्सलियों ने मशीनों व एक ट्रक में की आगजनी



दंतेवाड़ा,23 मार्च 2023 (ए)। जिले के किरन्दुल और बचेली में बुधवार की देर रात 01 बजे नक्सलियों ने किरंदुल खंबा नम्बर 443 के पास किरन्दुल-कोत्तावालसा रेल लाइन दोहरीकरण में लगी मशीनों में आगजनी की जिसमे 01 पोकलेन पूरी तरह जलकर खाक हो गई वहीं दो ड्रिल मशीनों को भी आग के हवाले किया है, इससे मशीनों में आंशिक रूप से क्षति पहुंची है, वहीं बचेली के अंतिम छोर में नक्सलियों ने एक ट्रक में भी आगजनी की और बड़ी संख्या में पर्चे भी फेंके हैं। मिली जानकारी के अनुसार बचेली में देर रात आगजनी की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस पार्टी पर नक्सलियों ने फायरिंग की जवानों की जवाबी कार्यवाही में नक्सली भाग खड़े हुए। बीती रात को ही पुलिस ने जली हुई ट्रक को अपने कब्जे में लेकर इलाके की सर्चिंग तेज कर दी गई है। नक्सलियों के दक्षिण बस्तर जोनल ब्यूरो द्वारा फेंके गए पर्चो में केंद्रीय गृहमंत्री की आलोचना करते हुए दौरे का बहिष्कार करने की अपील की गई है। इसके साथ बस्तर में चल रही पुलिसिया का कार्यवाई का भी विरोध किया है।

## पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़,कई नक्सली घायल 5 गिरफ्तार

सुकमा ,23 मार्च 2023(ए)। नक्सल मुठभेड़ से जुडी बड़ी खबर आ रही है जहां सुकमा जिला में पुलिस और नक्सलियों के बीच काफी देर तक गोलीबारी चलती रही। इस नक्सल मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है और कई माओवादियों के घायल होने की खबर भी आ रही है। बताया जा रहा है कि 5 नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल इलाके में पुलिस का सर्चिंग अभियान जारी है।

सुकमा एसपी सुनील शर्मा को सूचना मिली थी कि नक्सली नेशनल हाइवे क्र 30 पर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं जिसके बाद एर्राबोर और कोंटा थानों और डीआरजी के बल को नक्सलियों



द्वारा घटना को अंजाम देने से रोकने के लिये नक्सल अभियान पर कोत्तालेंड्रा के जंगलों में सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। अभियान के दौरान लगभग 11.30 बजे कोत्तालेंड्रा के जंगल में सर्चिंग के लिए जवान पहुंचे और तभी नक्सलियों से उनकी मुठभेड़ शुरु हो गई। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई में ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरु की जिसके बाद नक्सली जंगल-झाड़ी की आड़ लेकर भाग गए। इस दौरान घटना स्थल पर सुरक्षा बलों को पांच नक्सलियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल हुई है। वहीं अन्य 4 से 5 नक्सलियों के घायल होने की संभावना भी जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस सर्चिंग अभियान कर रही है।



## राजधानी में अपराधियों के हौसलें बुलंद

» बीच सड़क पर पूर्व गृह मंत्री से बदसलूकी

» कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

रायपुर,23 मार्च 2023(ए)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में लगातार अपराधियों की हौसलें बुलंद होते जा रहे है. रायपुर में आये दिन चाकूबाजी और मारपीट की घटना हो रही है, लगातार अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है. जिससे रायपुर पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे है. वही अब ताजा मामला पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर के साथ कुछ बदमशों ने सरेह आम बीच सड़क में बसलूकी करने का मामला सामने आया है. वही राजधानी के शंकर नगर के पास कार सवार युवकों ने धमकाया. जिसके बाद वे मामले की शिकायत करने थाने पहुंचे. साथ ही उन्होंने कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं

आपको बता दें कि, सीजी 04 एनव्ही 2156 में सवार युवकों ने बीच सड़क गाड़ी रोककर पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर से बदसलूकी की. जिसको लेकर पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कवर ने कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त है. मेंरे गाड़ी में विधायक लिखा है उसके बावजूद भी बीच सड़क में बदसलूकी की गई. साथ ही उन्होंने बताया कि, युवक मारपीट करने में उतारू हो गया था. उन्होंने यह भी कहा, कहते हैं न अपराधियों का हौसला बुलंद है. आज हमने देख भी लिया, पुलिसिंग का कोई भय नहीं है.

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)